# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 10 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 11- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 125 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ वायु प्रदूषण की चिंता

एक्टिंग की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल कर चुके हैं ऋतिक रोशन, दुनिया के सबसे हैंडसम लोगों में रहे हैं शामिल ◂◂ 6


## संभल की शाही जामा मस्जिद विवाद पर यूपी सरकार को नोटिस, दो हफ्ते में मांगा जवाब



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद के विवाद में उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधक कमेटी की याचिका पर यह नोटिस जारी किया गया है। याचिका में मस्जिद कमेटी प्रबंधन ने मांग की थी कि जिलाधिकारी को निर्देश दिया जाए कि यथास्थिति बरकरार रखी जाए। दरअसल जिस निजी कुएं की खुदाई की जा रही है, वह मस्जिद की सीढ़ियों के पास स्थित है।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की सदस्यता वाली पीठ ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया है कि वे नगर पालिका के नोटिस पर कार्रवाई न करें, जिसमें सार्वजनिक कुएं को हरि मंदिर बताया गया है। संभल शाही जामा मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने 19 नवंबर 2024 को मस्जिद के सर्वे का निर्देश दिया था। मस्जिद कमेटी की तरफ से वरिष्ठ वकील हुफैजा अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वहीं वादी पक्ष की तरफ से वरिष्ठ वकील विष्णु शंकर जैन पेश हुए। जैन ने अदालत में कहा कि कुआं मस्जिद के बाहर स्थित है। वहीं अहमदी ने कहा कि कुआं आधा अंदर और आधा मस्जिद के बाहर है। अहमदी ने ये भी दावा किया कि कुआं मस्जिद के इस्तेमाल के लिए ही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुएं का इस्तेमाल अगर मस्जिद के बाहर से हो रहा है तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

# पारादीप से काठमांडू जा रहा गैस टैंकर रामगढ़ घाटी में दुर्घटनाग्रस्त

## कोई हताहत नहीं, एनएच 33 हुआ जाम

संवाददाता

**रांची :** पारादीप से काठमांडू जा रहा एक गैस टैंकर, रामगढ़ घाटी में गड़के मोड के पास अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। यह घटना शुक्रवार यानी सुबह की है। टैंकर के बीच सड़क पर पलटने से रांची पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का घाटी इलाका पूरी तरह जाम हो गया। एलपीजी गैस टैंकर पारादीप से काठमांडू जा रहा था। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ पुलिस पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंची । हाइड्रा और क्रेन के साथ-साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर एलपीजी गैस से भरे टैंकर को उठाया।



एलपीजी गैस टैंकर से गैस नहीं हुई लीक : एलपीजी गैस टैंकर से कोई गैस लीक नहीं हुई और किसी तरह की कोई हानि नहीं हुई। गैस टैंकर चालक ने बताया कि घाटी के ऊपर रुककर उसने चाय पी और फिर उसने टैंकर को बाहर निकाला। घाटी में उसने देखा कि आगे एक ट्रेलर खराब हो गया है, जिसके कारण जैसे ही उसने उससे गुजरने की कोशिश की, पीछे से रेलवे स्लैब लदे एक खुले ट्रेलर ने उसे साइड से जोरदार टक्कर मार दिया और हजारीबाग की ओर भाग गया। इस टक्कर से वह अनियंत्रित हो गया। टैंकर को नियंत्रित करने के प्रयास में वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और डिवाइडर पर चढ़कर सड़क के बीचों बीच पलट गया।



## सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास

**रांचीः** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके स्थित टाटा कैंसर हॉस्पिटल के समीप सीसीएल की ओर से 200 बेड के सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास किया । उनके साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू, महुवा माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा व सीसीएल के सीएमडी व अधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल थे।

## 5 साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में आरोपी को फांसी की सजा

**रांचीः** राजधानी रांची से सटे लोहरदगा जिले में दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या के एक आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई है। जिस शख्स को यह सजा सुनाई गई है, उसका नाम इंदर उरांव है। लोहरदगा के एडीजे-1 अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। घटना जिले के बगडू थाना क्षेत्र के आर्या गांव में हुई थी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सह विशेष न्यायाधीश पोस्को एक्ट अखिलेश कुमार तिवारी ने आरोपी को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई है। अभियुक्त इंदर उरांव (25) पिता लक्षण उरांव अरेया निवासी को धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए मृत्युदंड की सजा दी गई है। इतना ही नहीं, मृत्युपर्यंत सश्रम आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई गई है। 25 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। 24 दिसंबर 2022 को दोपहर 3:00 बजे अरेया गांव में एक छोटी बच्ची सहेलियों के साथ खेल रही थी। इसी बीच इंदर उरांव वहां पहुंचा और छोटे-छोटे बच्चों को 5-5 रुपए देकर चॉकलेट खरीदने भेज दिया। एक छोटी बच्ची को 50 रुपए देकर अपने साथ घूमने ले गया।

### 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी

# साल में दो बार होंगी बोर्ड की परीक्षाएं, लागू होगा समेस्टर सिस्टम



**नई दिल्ली :** 10वीं तथा 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अगले साल से स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आने वाले शैक्षणिक वर्ष (2026-27) में बोर्ड एग्जाम्स में बड़े अपडेट्स का ऐलान किया है। उन्होंने कहा की अगले शैक्षणिक साल से 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन साल में दो बार किया जाएगा। सेमेस्टर सिस्टम भी लागू हो सकता है। छात्रों के पास दोनों परीक्षाओं में शामिल होने का विकल्प होगा। उनका मानना है कि ऐसा करने से बोर्ड परीक्षा में छात्रों पर पढ़ाई का तनाव कम होगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा की साल में दो बोर्ड परिक्षा की शुरूआत सीबीएसई बोर्ड एग्जाम से लागू होगी, लेकिन इसे अन्य स्टेट बोर्ड भी लागू कर सकते है। उन्होंने बताया कि साल में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने का फैसला अगले शैक्षणिक सत्र यानी 2026-27 से लागू किया जाएगा। अभी इसे लागू करने की तैयारी की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों से एग्जाम का तनाव कम करने के लिए, ये बड़ा कदम उठाया जा रहा है। साल में दो बार बोर्ड एग्जाम का आयोजन जेईई मेन की तर्ज पर किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार, पहली परीक्षा फरवरी में और दूसरी अप्रैल में आयोजित की जा सकती है। जिस सेक्शन की परीक्षा में छात्र का प्रदर्शन अच्छा होगा उसे अंतिम स्कोर माना जाएगा। इससे छात्रों के पास बोर्ड परीक्षा में बैठने के लिए एक साल मे दो विकल्प होंगे। 10वीं और 12वीं बोर्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले स्टूडेंट्स दोनों ही सेशन की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

साल मे दो बार परीक्षा होने से विद्यार्थी पर पढ़ाई का बोझ कम होगा। वह आराम से परिक्षा की तैयारी कर पांएगे। साथ ही उन्हें अच्छी तैयारी करने के लिए अधिक समय मिलेगा। अगर किसी छात्र की तैयारी कम है, तो वह पहले सेशन की बजाए दूसरे सेशन की परीक्षा में बैठ सकेंगे। वहीं अगर पहले सेशन की परीक्षा में यदि कोई छात्र फेल हो जाता है, तो वह दूसरे सेशन की परीक्षा दे सकता है।

### कृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह मामले पर न्यायालय का बड़ा संकेत

# एक ही अदालत में हो सकेगी सुनवाई

**नई दिल्ली:** कृष्ण जन्मस्थान और शाही ईदगाह के बीच चल रहे भूमि विवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण विकास हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान संकेत दिया है कि सभी संबंधित याचिकाओं की सुनवाई अब किसी एक अदालत में हो सकती है। इससे विवाद के समाधान में एक नया मोड़ आ सकता है, जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

**उच्चतम न्यायालय का रुख :** कृष्ण जन्मस्थान-शाही ईदगाह भूमि विवाद को लेकर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। पीठ ने पूछा कि मथुरा की विभिन्न सिविल अदालतों से संबंधित लगभग 18 मुकदमों को एक साथ एकीकृत करके सुनवाई उच्च न्यायालय के पास क्यों न की जाए, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस संबंध में पहले ही फैसला सुनाया था। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि मुकदमों का एकीकरण पक्षकारों के लिए अधिक सुविधाजनक हो सकता है, क्योंकि इससे अलग-अलग अदालतों में लंबी और जटिल प्रक्रियाओं से बचा जा सकता है।



**मुस्लिम पक्ष की आपत्ति :** मुस्लिम पक्ष के वकील ने हालांकि इस एकीकरण पर आपत्ति जताते हुए कहा कि ये मुकदमे समान प्रकृति के नहीं हैं और यदि उन्हें एक साथ सुना जाता है, तो यह जटिलताओं का कारण बन सकता है। हालांकि, उच्चतम न्यायालय की पीठ ने इस आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि इससे किसी प्रकार की जटिलता नहीं आएगी, और यह पक्षकारों के लिए सुविधाजनक होगा।

# महाकुंभः एक छत के नीचे पांच देशों की संस्कृतियों का मिलन, पूर्वजों की पूजा भी करेंगे विदेशी संत-भक्त



**प्रयागराज :** महाकुंभ में पहली बार दुनिया के पांच देशों की संस्कृतियां और परंपराएं एक छतरी के नीचे गलबहियां करती दिखेंगी। इस शिविर में जापान के साथ रूस और यूक्रेन के संत-भक्त अपनी संस्कृतियों के साथ समागम करेंगे ही उसी परिसर में भारत और नेपाल के भी साधु-गृहस्थ कल्पवास करेंगे।

वैश्विक स्तर पर 5 देशों की संस्कृतियों का यह महाकुंभ सेक्टर 18 में संगम लोवर मार्ग पर लगेगा। वहां जापान से आने वाले दो सौ से अधिक बौद्ध धर्म के भी अनुयायी भी सनातन के रंग में होंगे। जपानी संतों-भक्तों का मार्ग दर्शन योग माता केको आईकावा उर्फ कैला नंदगिरि करेंगी। स्वामी कैलानंद गिरि 11 जनवरी को यहां पहुंच रही हैं। इसी तरह रूस के साथ तीन वर्ष से भीषण युद्ध का सामना कर रहे यूक्रेन के प्रमुख धर्म पूर्वी रूढ़िवादी से संबंधित संत और सैकड़ों अनुयायी इस शिविर में समागम करेंगे। यूक्रेनी संत स्वामी विष्णुदेवानंद गिरि के साथ वहां से संत-भक्त यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धा सेवा शिविर में यूक्रेन से आने वाले संतों-भक्तों के लिए शिविर तैयार हो गए हैं। यज्ञ वेदी भी बनकर तैयार है। वहां घरेलू वेदियों को बनाकर मंदिरों लोक देवी के साथ ही पूर्वजों और आत्माओं की पूजा भी होगी। इसी तरह इस शिविर में नेपाल से आने वाले संत अपनी संस्कृति और परंपरा के साथ समागम करेंगे। 10 बीघा क्षेत्रफल में शिविर को तैयार किया गया है। संतों की सुविधा का पूरा ध्यानः इस शिविर में टाइल्स भी बिछाई जा रही है। शीशे की हवादार खिड़कियां तो होंगी ही, आरामदायक सोफे, पलंग भी बिछाए जा रहे हैं ताकि संतों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। आलीशान वुडेन कॉटेज में विदेशी संतों के कल्पवास की पहली बार व्यवस्था की गई है। इसमें महामंडलेश्वर योगमाता महामंडलेश्वर चेतना गिरि, योगमाता श्रद्धानंद गिरि के अलावा शैलेशानंद महाराज के अलावा खप्पर बाबा भी प्रवास करेंगे। यहां वाईफाई से लेकर वातानुकूलित सत्संग कक्ष, माड्यूलर किचन, डिलक्स कक्ष और आधुनिक प्रसाधन बनाए गए हैं।

## महाकुंभ में साध्वी बनकर रहेंगी स्टीव जॉब्स की पत्नी, दो सप्ताह करेगी तप

**नई दिल्लीः** यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। जिसमें एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जाब्स की पत्नी लारेन पावेल जाब्स मेले में हिस्सा लेने जा रही है। जहां, पॉवेल साध्वी बनकर महाकुंभ में दो सप्ताह तक तप करेंगी। वो कल्पवास में समय बिताएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, पॉवेल निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद के शिविर में रहेंगी। उनसे विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लेने और संगम में पवित्र डुबकी लगाने की उम्मीद है, जिससे वे महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को पूरी तरह से आत्मसात कर सकेंगी। उनका प्रवास 29 जनवरी तक चलेगा।





ऐसा कहा जाता है कि कल्पवास करने से मन माफिक इच्छा का फल मिलता है। इससे जन्म-जन्मांतर के बंधनों से मुक्ति मिल जाती है। संगम पर माघ के पूरे महीने साधना को कल्पवास कहा जाता है। महाभारत के अनुसार, 9 साल तक बिना कुछ खाए-पीए तपस्या करने के फल के बराबर माघ मास के कल्पवास जितना फल प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार, कल्पवास की सबसे कम अवधि एक रात्रि की हो सकती है और कई लोग कल्पवास तीन रात, तीन महीना, छह महीने, 12 साल और जीवनभर पर करते हैं।

इसके साथ आपकों ये भी बता दें कि कल्पवास करना आसान नहीं। कल्पवास के दौरान कुछ नियमों का पालन करना जरूरी है- जिसमें सच बोलना, अहिंसा, इंद्रियों पर नियंत्रण करना, सभी प्राणियों पर दयाभाव दिखाना, ब्रह्मचर्य का पालन करना, सभी व्यसनों का त्याग, ब्रह्म मुहूर्त में उठना, रोज तीन बार पवित्र नदी में स्नान करना, पितरों का पिंडदान, दान करना, जप, संकल्पित क्षेत्र से बाहर न निकलना, किसी की भी निंदा न करना, साधुओं की सेवा करना, एक समय भोजन, जमीन पर सोना, अग्नि सेवन और आखिर में देव पूजन शामिल है।

न्यूज ब्रीफ

## सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास



**रांचीः** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कांके स्थित टाटा कैंसर हॉस्पिटल के समीप सीसीएल की ओर से 200 बेड के सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का शिलान्यास किया । उनके साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य साहू, महुवा माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा व सीसीएल के सीएमडी व अधिकारीगण भी कार्यक्रम में शामिल थे।

## जरूरतमंदो के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



चक्रधरपुर : क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए आज चक्रधरपुर नगर परिषद में सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव एवं निवर्तमान वार्ड पार्षदों द्वारा चक्रधरपुर के विभिन्न वार्डों के लाभुकों के बीच कंबल वितरण किया गया। जिसमें वृद्ध महिला पुरुष सहित असहाय व्यक्ति को कबंल उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव सहित नगर परिषद के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अमन साहू गैंग ने कोयला कारोबारी के घर में की गोलीबारी

**लातेहार :** जिले के बालूमाथ के कोयला व्यवसायी मुकेश सिंह के बालूमाथ आवास में गुरुवार की देर शाम अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है। हालांकि इस गोलीबारी में किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अपाची बाइक सवार दो अपराधियों ने फायरिंग की। फायरिंग कर अपराधी फरार हो गये। सभी अपराधी बालूमाथ थाना की ओर से आए हुए थे और गोली चलाकर वापस बालूमाथ थाना की ओर भाग निकले। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। अमन साहू गिरोह ने लिया जिम्मा सोशल मीडिया पर घटना की जिम्मेदारी लेते हुए अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह ने कहा है कि आज शाम बालूमाथ में मुकेश सिंह के घर पर जो गोलीबारी हुआ है ये मेरे द्वारा कराया गया है। याद रखना दो बार में तुम्हारे दोनों कान का परदा खोले हैं। इस बार मैनेज नहीं किये तो अबकी तुम्हारा खोपड़ी खोलूंगा वादा है। तुम्हें मुकेश सिंह। हम तुम्हें मारेंगे और जरूर मारेंगे, पर बंदूक भी हमारी होगी, गोली भी हमारी होगी और हां वह वक्त भी हमारा होगा। हम कैंसर और शुगर बीमारी के जैसा हैं अंतिम वक़्त तक छोड़ेंगे नहीं।

## केडीएच साइडिंग लाइन से 11 पोल हाइटेंशन तार चोरी

**खलारीः** खलारी थाना क्षेत्र के खलारी - केडीएच रेललाइन में मोहननगर के निकट 11 पोल हाइटेंशन तार चोरी हो गयी। खलारी मेन लाइन से केडीएच साइडिंग तक सीसीएल की ओर से रेल लाइन बिछाया गया है। केडीएच के दो साइडिंगों से कोयले की ढुलाई की जाती है। रेल यातायात निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया केडीएच लाइन में यह पहली घटना है जब 11 पोल कर्षण तार चोरों ने काट लिया। बताया कि हाइटेंशन तार में 25 हजार वोल्ट करंट प्रवाहित था। इसके बावजूद चोरों ने तार काट लिया। उन्होंने बताया कि इधर केडीएच साइडिंग से कोयला ढुलाई बंद था, जिसके कारण रैक का आवागमन भी रूका हुआ था। इस बात की चोरों को जानकारी रही होगी। केडीएच साइडिंग तक सिंगल रेल लाइन है। उन्होंने बताया कि इस चोरी से सीसीएल को करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है।

## सामाजिक समरसता रथ का विहिप ने किया स्वागत



**कोडरमाः** विश्व हिंदू परिषद चन्दवारा ने हजारीबाग विभाग द्वारा चलाये गए सामाजिक समरसता रथ को चन्दवारा दुर्गा मंदिर के पास फूल माला से स्वागत किया गया। सर्व प्रथम समरसता रथ मे लगे प्रभु श्री राम लक्ष्मण माता सिता हुनुमान जी कि मुर्ती पर महिला एवं पुरुष ने पूजा अर्चना कर रथ को रवाना किया वहीं विश्व हिंदू परिषद की जिला एवं प्रखंड टोली अपने देख रेख में चन्दवारा दुर्गा मंदिर के समीप में रात्री विश्राम कि व्यवस्था की जहाँ आम जनमानस की भीड़ रथ को देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोग रथ को देखकर काफी उत्साहित दिखे। इस अवसर पर जिला सह मंत्री प्रदिप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय योजना के तहत यह रथ हजारीबाग विभाग के द्वारा हजारीबाग,चतरा, कोडरमा और गिरिडीह जिले में जन जागरण के साथ साथ श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने के उद्देश्य से की गई है। इस रथ का उद्देश्य सनातन समाज में विगत कालखंड में सामाजिक भेदभाव को मिटाकर समरस समाज का निर्माण करना हि मुख्य उद्देश्य है सभी को मिलकर संकल्प लेना है कि जिस प्रकार भगवान राम ने निषादराज, भील और अन्य जनजातियों से मिलजुल कर समाज में एकता का भाव जगाया और समरस समाज के लिए माता शबरी के जूठे बेर भी खाये। इस प्रकार यदि हम सभी सनातनी सामाजिक भेदभाव मिटाकर हम सब केवल सनातनी हिन्दू बनें, तभी हमारा देश और धर्म सुरक्षित रहेगा, नहीं तो हम वर्तमान में बांग्लादेश और तालिबान के कार्यों को देख रहे हैं जो अपनों के नहीं हो सके वो हमारे नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में सनातनी समरसता से भरा एकजुट समाज ही काम आयेगा। इस अवसर पर विभाग मंत्री अनूप यादव, प्रांतीय मार्गदर्शक मंडल संयोजक स्वामी कृष्ण चेतन ब्रह्मचारी,संयोजक मनोज चन्द्रवशी, जिला मंत्री पंकज दुबे, जिला सह मंत्री राजु यादव जिला सह मंत्री प्रदीप सिंह जिला समरस्ता प्रमुख पप्पू वर्णवाल जिला गो रक्षा प्रमुख संतोष यादव, विश्व हिन्दु परिषद प्रंखड मंत्री विजय यादव खंड कार्यवाहक गौतम कुमार,प्रखंड संयोजक वरुण यादव, भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद राणा, अमित सिंह, अविनाश पंडित, केशव पंडित, इन्द्रदेव ठाकुर, संदिप सोनी समेत कई महिला पुरुष रामभक्त मौजूद थे।

### सीएम ने डोंबारी बुरु गोलीकांड में शहीद हुए वीरों को दी श्रद्धांजलि, कहा

# इतिहास के पन्नों में इन बलिदानों को कहीं भुला दिया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डोंबारी बुरु गोलीकांड में शहीद हुए असंख्य वीरों को श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है।

सीएम हेमंत ने कहा कि देश की आजादी और हक-अधिकार की लड़ाई में झारखंड के असंख्य वीर पुरुखों ने अपना बलिदान दिया है, लेकिन इतिहास के पन्नों में इन बलिदानों को कहीं भुला दिया गया। हमें साथ मिलकर अपने वीर पुरुखों के महा बलिदानों को उचित स्थान दिलाना होगा। सीएम हेमंत ने आगे कहा कि डोंबारी बुरु गोलीकांड की घटना ऐसी ही एक वीभत्स घटना है, जहां झारखंडी अस्मिता, हक-अधिकार और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लेते हुए हमारे असंख्य वीर पुरुखों ने बलिदान दिया था। हमारे वीर पुरुखों के बलिदान को कभी भूलने नहीं दिया जाएगा।

झारखंड के खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड का डोंबारी बुरू अंग्रेजों की क्रूरता का गवाह है। भगवान बिरसा मुंडा के आह्वान पर यहां अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई की रणनीति बना रहे हजारों आदिवासियों पर ब्रिटिश हुकूमत ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। इसमें सैकड़ों आदिवासी शहीद हो गए थे, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए थे। वह दिन 9 जनवरी, 1899 का था। डोंबारी बुरू की ये घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड (13 अप्रैल 1919) से पहले हुई थी। भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान को लेकर 9 जनवरी 1899 को अपने अनुयायियों के साथ सभा कर रहे थे। इस सभा की सूचना मिलने पर अंग्रेज सैनिक वहां आ धमके और सभास्थल को चारों ओर से घेर लिया। अंग्रेजों ने सभास्थल पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। बिरसा मुंडा और उनके साथियों ने भी काफी संघर्ष किया। इस गोलीबारी के बीच बिरसा मुंडा किसी तरह से निकलने में सफल रहे, लेकिन सैकड़ों आदिवासी शहीद हो गये। इस हत्याकांड में शहीद हुए लोगों की याद में यहां हर साल 9 जनवरी को मेला लगाया जाता है। मेले में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।



## नववर्ष पर साहित्योदय शिवायन काव्यार्चन सह सम्मान समारोह

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** साहित्योदय के बैनर तले रांची में शिवायन काव्यार्चन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिवायन ग्रंथ में शामिल रचनाकारों को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। बरियातु स्थित डॉ शेखर सिन्हा के आवास के आयोजित समारोह में रांची और आसपास के दर्जनों साहित्यकार उपस्थित हुए।जिसकी अध्यक्षता साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने किया। कार्यक्रम का स्वागत रश्मि सिन्हा ने जबकि संचालन बिंदु प्रसाद ने किया। सभी रचनाकारों ने भगवान शिव पर आधारित काव्यपाठ किया। जिसमें सीमा सिन्हा मैत्री, रेणु झा रेणुका, मुक्ता सिंह, विनय वर्मा जादूगर, संतोष समर, डॉ रजनी शर्मा चंदा, राजश्री राज, सुनीता श्रीवास्तव, डॉ आकांक्षा चौधरी,



विभा वर्मा, पुष्पा पाण्डेय ने एक से बढ़कर एक रचना सुनाई। प्रियम ने सभी रचनाकारों का सम्मान करते हुए इस वर्ष होनेवाले गीतायन ग्रँथ और कुरुक्षेत्र महोत्सव से सभी को जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि साहित्योदय द्वारा भारतीय साहित्य, सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्र चेतना पर पिछले कई वर्षों से कार्य किया जा रहा है। इसमें लोगों को शोधपरक सृजन के साथ- साथ सबंधित स्थलों का भ्रमण और तीर्थाटन भी कराया जाता है। जैसे जन रामायण का विमोचन अयोध्या, कृष्णायन का वृन्दावन और शिवायन का हरिद्वार में किया गया। उसी तरह इस साल 8 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में गीतायन का भव्य विमोचन और आयोजन होगा। साहित्योदय नवोदित और घरेलू महिलाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने का काम कर रहा है। इसी माह 21 जनवरी को देवघर पुस्तक मेला के भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

## सदस्यता अभियान लक्ष्य को पूरा करें भाजपा किसान मोर्चाः पवन साहू

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांचीः** भाजपा द्वारा झारखंड प्रदेश में संचालित सदस्यता अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश स्तर पर मेंबरशिप ड्राइव डे कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाना और उन्हें सदस्य बनाना है। इस अवसर पर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के जरिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड प्रदेश में यह अभियान विलंब से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान में सभी की भागीदारी हो। सदस्यता अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने का प्रयास है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी है,



ताकि अधिक से अधिक लोग पार्टी के साथ जुड़ सकें, और संगठन को सशक्त किया जा सके। यह अभियान राज्य में जनसंपर्क को सुदृढ़ करने, और समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का एक उत्कृष्ट प्रयास है। यह अभियान आम जनों से जुड़ने और उनके मुद्दों को समझने का मौका भी है। साथ हीं मोर्चा के कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने का उन्होंने निर्देशित किया है। यह जानकारी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने दी।

## ट्रक ऑनर प्रतिनिधिमंडल ने कांटा घर बंद रहने पर पीओ से की मुलाकात

खलारीः ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष तनवीर आलम के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने चुरी परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार से मिला। वार्ता के क्रम में बताया कि पिछले आठ दिनों से लोड गाड़ी खड़ी है और कांटा बंद है। इस मामला को लेकर

परियोजना पदाधिकारी से इसके बारे मे जानकारी भी ली गयी कि बंद कांटा घर व रोड सेल क्यों बंद है और कब से चालू करेंगे। मौके पर परियोजना पदाधिकारी ने कहा कुछ टेक्निकल प्रॉब्लम हो जाने के कारण कांटा को सील कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुरी कांटाघर सोमवार या मंगलवार को सुचारू रूप से चालू कर दिया जायेगा। जो कांटाघर सील है उसे 8 से 10 दिन के अंदर चालू कर दिया जायेगा। वहीं, पिछले 15 दिनों से केडीएच रोड सेल का कांटा बंद है।

### नीरा यादव ने कोडरमा नगर पंचायत के कई योजनाओं का किया शिलान्यास

## नगर पंचायत प्रशासक विभागीय मद का करें सदुपयोग : डॉ नीरा यादव

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** कोडरमा नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । उन्होंने स्थल पर जाकर फीता काट कर नारियल फोड़कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने अपने हाथों से उपस्थित लोगों को लड्डू भी बांटी। शिलान्यास योजनाएं क्रमशः वार्ड 11 में बिरजू यादव के घर से पं० संसाधन केंद्र तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड 12 में बाली यादव के घर से स्वास्थ्य केंद्र11 नाला तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड 13 पाण्डेय टोला में स्वास्थ्य केंद्र भवन का जीर्णोद्धार, वार्ड 13 में इन्द्रो यादव के घर से भागवत दास पंडित के घर तक आरसीसी नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य, वार्ड 15 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बाउंड्रीवाल एवं गेट का निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल था। मौके पर उन्होंने कहा हम इस दिशा में लगातार प्रयास करते रहेंगे, ताकि हमारे क्षेत्र का और बेहतर विकास हो सके । एक योजना वार्ड संख्या 11 में लक्खीबागी बसुंधरा पेट्रोल पंप के पीछे दुर्गा मंडप के सामने से राजेश यादव के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास को रोकते हुए विभाग के उपस्थित कनीय अभियंताओं प्रदुम्न कुमार एवं गौरव मिश्रा को अभिलंब इस योजना को रद्द करने का निर्देश दिया। उक्त योजना पूर्व से अच्छी स्थिति में पाई गई। इस योजनाओं पर अभियंता पर भड़कते हुए शख्स निर्देश दिया कि सरकारी राशि का दुरुपयोग न करें और इस राशि को उपयुक्त स्थानों में खर्च करें। उन्होंने कहा फंड को व्यर्थ खर्च करना हमें बर्दाशत नहीं। तुरन्त इस योजना को रद्द करें एवं आवश्यक उपयुक्त स्थानों पर खर्च करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, संजीव यादव, प्रवीण पांडे, महेश यादव, धर्मेंद्र यादव, चंदन सिंह, दिवाकर कुमार, आदित्य पांडे, राजा सिंह, धर्मेंद्र यादव, राजु यादव,महादेव यादव, बिरेंद्र यादव, फंटूश सिंह, दीपक यादव, अजय कुमार, सुखदेव यादव, मनोज यादव एवं काफी संख्या में महिलाएं बच्चे व अन्य उपस्थित थे।

## खेतों में फसलों पर जमी ओस की बूंदें



**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र में पिछले तीन-चार दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कड़ाके की ठंड के कारण शाम होते ही लोग अपने घरों में दुबक जा रहे हैं और चौक-चौराहों पर एक्का दुक्का लोग ही नजर आ रहे हैं, वहीं सुबह भी काफी देर से लोग अपने घरों से निकल रहे हैं। ठंड का आलम यह कि खेतों में पड़े पुआल और झाड़ियों में सुबह तक ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो जा रही हैं। दूसरी ओर कड़ाके की ठंड के बावजूद दैनिक मजदूरी करने वाले दिहाड़ी मजदूर समय से काम पर निकल जा रहे हैं। हालांकि उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर ठंड को देखते हुए खेत के पुआल में ओस की बूंद। चान्हो के बिजुपाड़ा चौक में प्रशासन द्वारा अलाव की भी व्यवस्था की गई है। किसानों के अनुसार कड़ाके की ठंड के कारण सब्जी खेती को नुकसान नहीं होता है लेकिन अगर कुहासा हुआ तो आलू और मटर की खेती को नुकसान हो सकता है।

## हजारीबाग में 12 को एक दिवसीय योग शिविर



**कोडरमाः** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वावधान में निशुल्क एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन हजारीबाग में किया जा रहा है । यह कार्यक्रम 12 जनवरी दिन रविवार को किया जाएगा । योग क्रांतिकारी योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज योग आयुर्वेद के प्रति प्रत्येक दिन 18 घंटा मेहनत कर रहे हैं और उनकी एक लक्ष्य है । अंतिम व्यक्ति तक योग पहुंचे और बीमार से किसी का मृत्यु ना हो गरीब आदमी के पास पैसे के अभाव से इलाज नहीं कर पाते हैं और वह व्यक्ति मृत्यु हो जाती है घर में भारी दुख होती है और गरीब अमीर दोनों को बीमारी से बचाना है इसके लिए स्वामी जी ने हम लोग को ट्रेनिंग देकर घर-घर योग आयुर्वेद पहुंचने का कार्य करवा रहे हैं और यह कार्यक्रम निस्वार्थ निशुल्क भाव से किया जा रहा है हमारे लक्ष्य है 2025 में लगभग 150 योग शिविर करना और यह लक्ष्य आप लोग का सहयोग से निश्चित सफल होगी। ठंड के समय में बहुत जरूरी है सुबह गर्म पानी पीना बहुत जरूरी है और अर्जुन का क्वाथ काढ़ा बनाकर पिए। शुद्ध सरसों का तेल और लहसुन मिलाकर थोड़ा पका ले और उस तेल से मसाज करें दर्द में बहुत जबरदस्त लाभ करता है प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि यह कार्यक्रम योग आयुर्वेद अपनी संस्कृति और संस्कार पूरा घूम-घूम कर प्रचार प्रसार किया जाएगा । आने वाले पीढ़ी जो अभी खान-पान गलत होने के कारण बीमारी का निमंत्रण देते हैं उसे भी शिविर में समझाया जाएगा । सबका सहयोग मिल रहा है। पतंजलि परिवार कोडरमा जिला अच्छा कार्य कर रहे हैं, करें योग रहे निरोग घर- घर योग पहुंचाएंगे हम बदलेंगे जमाना बदलेंगे।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

### उपायुक्त ने तैयारी से संबंधित पदाधिकारियों से ली जानकारी, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

### बागीटॉड स्टेडियम में सुबह 09.05 बजे होगा सार्वजनिक समारोह का आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमाः** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में वरीय पदाधिकारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। उपायुक्त ने 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की जानकारी संबंधित पदाधिकारियों से लिये और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक समारोह बागीटॉड स्टेडियम में 09।05 बजे पूर्वाहन को आयोजित किया जायेगा। कोडरमा जिले में स्थित सभी महापुरुषों की प्रतिमा का विशेष रूप से साफ-सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह स्थल तक जाने वाले सभी मार्गों एवं पूरे शहर की साफ-सफाई भी सुनिश्चित कराएंगे। मुख्य समारोह स्थल बागीटांड स्टेडियम का समतलीकरण व साफ-सफाई करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुव्यवस्थित रखें। गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या मे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झांकी निकालने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, इस हेतु सभी कार्यालय प्रदान को अपने अपने कार्यालय से सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला, उप विकास आयुक्त ऋतुराज अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री विजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अविनाश राम व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## झारखंड के राज्यकर्मियों के लिए खुशखबरी

# जल्द मिलेगा 'स्वास्थ्य बीमा योजना' का लाभ

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के राज्यकर्मियों के लिए अच्छी खबर है। राज्यकर्मियों को 10 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस मिलेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 'राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना' लागू किए जाने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी है। शीघ्र ही इस आशय का प्रस्ताव मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में लाया जाएगा। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद झारखंड में 'राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना' को लागू कर दिया जाएगा।

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना लागू हो जाने के बाद स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प सं०-185 (13) दिनांक-31.07.2023 द्वारा राज्य के कार्यरत, सेवानिवृत्त कर्मियों, पदाधिकारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। उक्त योजना अंतर्गत राज्य विधान सभा के वर्तमान सदस्य, राज्य की सभी सेवाओं के कर्मियों, सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके परिवार के उन पर आश्रित सदस्यों, जिनमें उनके पति, पत्नी, पुत्र, वैध दत्तक पुत्र (25 वर्ष की आयु तक बशर्ते बेरोजगार हो), पुत्री (अविवाहित,विधवा, परित्यक्ता पुत्री) नाबालिग भाई एवं अविवाहित बहन एवं आश्रित माता-पिता (प्रतिमाह 9000/- और उस पर तत्समय अनुमान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले) सम्मिलित होंगे, को सम्मिलित रूप से 05 (पांच) लाख रुपए प्रतिवर्ष की अधिसीमा के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाएगा। राज्य कर्मियों, सेवानिवृत कर्मियों के दिव्यांग आश्रितों को आजीवन स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाएगा।

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना अंतर्गत लाभुकों एवं उनके आश्रितों को एक परिवारिक इकाई मानते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जायेगा। चिन्हित गंभीर बीमारी, जो रूप में संलग्न है, के मामले में चिकित्सा प्रदान करने वाले सम्बंधित अस्पताल की अनुशंसा पर 50 करोड़ रुपये के संधारित कॉरपोरेट बफर में से ऐसी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा पर 05 लाख रुपये तक की अतिरिक्त अधिसीमा अर्थात कुल 10 लाख रुपये की अधिसीमा तक की चिकित्सा पर हुए व्यय का वहन किया जाएगा। झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसायटी के स्तर पर किसी बीमित कर्मी के बीमा राशि से अधिक राशि का चिकित्सा व्यय होने की स्थिति में अतिरिक्त चिकित्सा व्यय वहन हेतु एक कार्पस फण्ड (संधारित किया जाएगा, जिससे ऐसे मामलों में भुगतान किया जा सकेगा।

# अलकायदा के आतंकी को दिल्ली पुलिस ने रांची से किया गिरफ्तार

## मास्टरमाईंड डॉक्टर पहले ही हो चुका है गिरफ्तार

**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में आतंक की ट्रेनिंग देने वाले डाक्टर के साथियों में फरार चल रहे एक आतंकी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रांची से अरेस्ट कर लिया है। बताया जा रहा कि अलकायदा एक्यूआईएस के ये वांछित संदिग्ध को पुलिस कई महीनों से तलाश रही थी। उसका नाम शाहबाज है। उसके कई साथी पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं और तब से वह फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी लोकेशन रांची में ट्रेस हुई थी, जिसके बाद स्पेशल सेल ने एटीएस की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) मॉड्यूल के खिलाफ झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की है। टीम ने रांची के चान्हो स्थित सेन्हा गांव से शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया है।

टीम ने गुरुवार की रात यह कार्रवाई की है। इससे पहले बीते साल 16 अगस्त को झारखंड एटीएस ने रांची, हजारीबाग और लोहरदगा में 16 जगहों पर छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया था। मॉड्यूल के लीडर डॉ इश्तियाक अहमद को रांची के बरियातू से, फैजान उर्फ मुन्ना को हजारीबाग के लोहसिंहना से और मो रिजवान व मुफ्ती रहमतुल्लाह को रांची के चान्हो से गिरफ्तार किया गया था। डॉ इश्तियाक रांची के मेडिका अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजिस्ट काम कर रहा था।

मेडिका के चिकित्सक की गिरफ्तारी मामले में पूछे जाने पर अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ विजय मिश्रा ने कहा था कि अस्पताल प्रबंधन को इसकी कोई जानकारी नहीं है। डॉ इश्तियाक पहले जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत आजाद नगर में प्रैक्टिस करता था। वहीं राजस्थान के भिवाड़ी से हथियार चलाने का प्रशिक्षण लेने के दौरान इस मॉड्यूल से जुड़े अल्ताफ को हिरासत में लिया गया था। वह लोहरदगा के कुडू प्रखंड के चंदलासो पंचायत अंतर्गत कौवाखाप गांव निवासी मुस्लिम अंसारी का बड़ा बेटा है। इसके कौवाखाप गांव स्थित घर से दो कंट्री मेड कार्बाइन और एक एयरगन बरामद किया गया था।



**टीम ने गुरुवार की रात यह कार्रवाई की है। इससे पहले बीते साल 16 अगस्त को झारखंड एटीएस ने रांची, हजारीबाग और लोहरदगा में 16 जगहों पर छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया था। मॉड्यूल के लीडर डॉ इश्तियाक अहमद को रांची के बरियातू से, फैजान उर्फ मुन्ना को हजारीबाग के लोहसिंहना से और मो रिजवान व मुफ्ती रहमतुल्लाह को रांची के चान्हो से गिरफ्तार किया गया था।**

# सीएम और राज्यपाल ने कड़िया मुंडा से की मुलाकात, स्वास्थ्य का जाना हाल





**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने रांची के एक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किए गए लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष करिया मुंडा से बीते गुरुवार को मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने करिया मुंडा के स्वास्थ्य को लेकर डॉक्टरों से जानकारी ली और उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने करिया मुंडा के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स' पर कहा, रांची के मेडिका अस्पताल का दौरा किया और वरिष्ठ नेता करिया मुंडा जी का कुशलक्षेम पूछा। उन्हें अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मैं करिया मुंडा जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।" वहीं, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी करिया मुंडा से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। राज्यपाल ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज (बृहस्पतिवार) मैंने रांची के भगवान महावीर मेडिका सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पूर्व केंद्रीय मंत्री करिया मुंडा से मुलाकात की और वहां मौजूद चिकित्सकों से उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

बता दें कि लोकसभा के 8 बार सदस्य रहे मुंडा को मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करिया मुंडा के बेटे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जगरनाथ मुंडा ने बताया कि पूर्व कोयला मंत्री ने सर्दी के बीच तबीयत खराब होने की शिकायत की जिसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती होने की सलाह दी। मुंडा (88) अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

## झारखंड में घने कोहरे का हवाई सेवा पर असर

# एयरपोर्ट पर किसी भी विमान का आगमन या प्रस्थान नहीं

**रांची:** घने कोहरे के कारण आज यानी गुरुवार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन प्रभावित रहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सुबह 10.30 बजे तक हवाई अड्डे पर किसी भी विमान का आगमन या प्रस्थान नहीं हुआ, वहीं खराब दृश्यता के कारण 4 उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया।

बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के निदेशक आरआर मौर्य ने कहा, ह्यह्यसुबह से खराब दृश्यता के कारण रांची हवाई अड्डे पर किसी भी विमान का आगमन या प्रस्थान नहीं हुआ है। सभी उड़ानों में देरी होने की संभावना है। चार उड़ानों का मार्ग भी परिवर्तित किया गया है।" रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया, ह्यह्यगुरुवार सुबह 8 बजे से 9 बजे के बीच दृश्यता 300 मीटर दर्ज की गई। विमान उतरने के लिए न्यूनतम दृश्यता 1200 मीटर होनी चाहिए।" आनंद ने बताया कि कोहरे के अलावा झारखंड में शीतलहर जैसी स्थिति भी है और लोहरदगा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस है। चतरा में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस जबकि हजारीबाग में 3.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। रांची में तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, इसके बाहरी इलाके नामकुम और कांके में क्रमशः 3.7 और 4.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। आनंद ने कहा कि देश के उत्तर-पश्चिमी भागों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण शुक्रवार के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है।

बता दें कि झारखंड के 11 जिलों में आज घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया था। इसके साथ ही लोगों को चेतावनी दी गई थी कि सुबह में सफर पर न निकलें। धूप निकलने के बाद ही कहीं निकलें। ऐसे में बाहर निकलें तो गर्म कपड़े जरूर पहनें, अन्यथा ठंड अटैक कर सकती है। इन 11 जिलो में गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ शामिल हैं।

## धनबाद में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में फायरिंग और बमबारी, सांसद का दफ्तर फूंका

**धनबाद:** जिले की खरखरी कोलियरी में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाली एक कंपनी में वर्चस्व को लेकर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच गुरुवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई। इसमें 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

संघर्ष को रोकने पहुंची पुलिस भी उपद्रवियों का निशाना बनी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गए हैं। उपद्रवियों ने मधुबन थाना क्षेत्र में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दफ्तर में आग लगा दी। हिंसक झड़प में कम से कम 10 बाइक भी आग के हवाले कर दी गईं। बताया जाता है कि धनबाद जिले के बाघमारा इलाके में बीसीसीएल (भारत कोकिंग कोल लिमिटेड) की खरखरी कोलियरी में हिलटॉप राइज नामक कंपनी आउटसोर्सिंग के आधार पर काम करती है। यहां कंपनी की ओर से बाबूडीह स्थित एक परिसर में बाउंड्री निर्माण कराया जा रहा था। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थक बाउंड्री निर्माण का विरोध कर रहे थे, जबकि कारू महतो के समर्थक बाउंड्री का निर्माण शुरू कराने पर अड़े थे। दरअसल, दो दिन पहले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल जीएम से मिलकर कहा था कि स्थानीय लोगों को नौकरी दिए बिना काम शुरू नहीं कराया जाए। दूसरी तरफ गुरुवार को कारू महतो के समर्थक काम शुरू कराने पहुंचे थे। इसे लेकर टकराव हुआ। दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। देखते-देखते दोनों तरफ से बम और गोलियां चलने लगीं। पूरा इलाका धमाकों से थर्रा उठा। संघर्ष की सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन घटनास्थल पर जाने से पुलिस की टीम डरती रही। मधुबन और धमाबांध थाना पुलिस के जवान भाग खड़े हुए। बाद में बाघमारा अनुमंडल के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड का प्रदेश स्तरीय सैन्य महासम्मेलन 11- 12 जनवरी को

**रांची:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में 11 और 12 जनवरी 2025 को गुरूनानक स्कूल सभागार, रांची में दो दिवसीय सैन्य महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस महासम्मेलन में झारखंड राज्य के लगभग 10 जिलों के 800 पूर्व सैनिक एवं सैन्य मातृशक्ति भाग लेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रहित, समाजहित और सैन्य हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर निस्तृत बर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साथ ही संगठन के राष्ट्रीप अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी, पीवीएसएमए वीएसएमएसएम (वी) एवं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाईस मार्शल एचपी सिंह, वीर चक्र, वीएसएम (वी) भी इस महासम्मेलन में सम्मानित राष्ट्रीय अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह सम्मेलन पूर्व सैनिकों की कल्याणकारी योजनाओं, उनकी समस्याओं के समाधान, और सैनिक समुदाय के सामाजिक- आर्थिक उत्थान के लिए प्रभावी कदमों पर विचार करेगा। इसके अलावा, सैन्य मामलों में सुधार और पूर्व सैनिकों के अधिकारों को लेकर भी गंभीर चर्चा की जाएगी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के महासम्मेलन का उद्देश्य सैन्य समुदाय की आवाज को अधिक सशक्त बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी पूर्व सैनिकों को संगठन की ओर से एकजुट होकर अपने मुद्दों पर काम करने का एक अवसर मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रांत एवं देश में छोटे छोटे समूहों में बिखरे हुए सैन्य समाज को एक छत नीचे ताने का प्रयास किया जा रहा है।

## रांची गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने की बैठक

# झांकी में मईंया सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश



**रांची:** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह की झांकी में झारखंड का चरित्र और चेहरा झलकना चाहिए। उन्होंने झांकी में मईंया सम्मान योजना और सड़क सुरक्षा को भी जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की झांकियों के चयन के लिए एक कमिटी भी होनी चाहिए, जो उसके थीम और प्रजेंटेशन को फाइनल करे। इस बैठक में तीन सदस्यीय कमिटी का गठन भी किया गया, जिसमें कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी को शामिल किया गया। बैठक में तय हुआ कि गणतंत्र दिवस समारोह में कुल 12 से 13 विभागों की झांकियों का प्रदर्शन कमिटी के अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने उपायुक्त दुमका और रांची को निर्देशित किया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रण पत्र की छपाई और वितरण ससमय सुनिश्चित करेंगे। वहीं रांची और दुमका में स्थापित महत्वपूर्ण प्रतिमा स्थलों की सफाई और प्रतिमाओं पर माल्यार्पण की व्यवस्था, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को समारोह स्थल तक लाने की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पंडाल, बैरिकेडिंग एवं बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं स्वच्छता इत्यादि की व्यवस्था, समारोह स्थल तक जाने वाले मुख्य मार्गों पर यातायात और पार्किंग की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा की व्यवस्था, अग्निशमन की व्यवस्था, पुरस्कार- सम्मान पत्र का वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जिला मुख्यालयों पर गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर बैठक में विस्तृत चर्चा हुई और निर्णय लिए गये।

वहीं मुख्य सचिव ने मोरहाबादी मैदान के पास लगे एलइडी स्क्रीन की क्वालिटी सुधारने का निर्देश दिया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक के प्रस्ताव पर झांकी में झारखंड के वाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी को अनुमोदित किया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने झांकी में साइबर सुरक्षा को भी शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं तय हुआ कि गणतंत्र दिवस परेड में सेना, सीआइएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसवी, जैप, जिला बल, एनडीआरएफ, फायर बिग्रेड के प्लाटून के साथ सेना, सीआरपीएफ और जैप के बैंड भाग लेंगे। इसका रिहर्सल 18 जनवरी से 24 जनवरी के बीच सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया गया।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव मस्तराम मीणा, कृषि सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, परिवहन सचिव कृपानंद झा, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन, दक्षिणी छोटानागपुर के आयुक्त अंजनी मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी, आइजी अभियान एबी होमकर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़**

**-: आम सूचना :-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोला प्रखण्ड अन्तर्गत बनतारा मेला, गोला का वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए डाक द्वारा बंदोबस्ती किया जाना है। बनतारा मेला, गोला की बंदोबस्ती हेतु दिनांक 15.01.2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत बंदोबस्ती चयन समिति द्वारा खुली डाक के माध्यम से की जायेगी।

डाक में भाग लेने हेतु इच्छूक आवेदको को आवश्यक सुरक्षित जमा राशि का ड्राफ्ट मूल रूप में एवं सभी वांछित कागजात सहित आवेदन सीलबंद लिफाफे में दिनांक 15.01.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट : बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़।

PR 343925 (District) 24-25 (D)

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## सहकार से बनेगी बात

**सुप्रीम** कोर्ट में बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर बनाए गए 2023 के नये कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई ४ फरवरी को होगी। लोगों को याद होगा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 के अपने निर्णय में मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक चयन समिति का गठन किया था। इसके बाद संसद ने एक नया कानून बनाया जिसमें प्रावधान है कि चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोक सभा में सबसे बड़े विरोधी दल के नेता शामिल होंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटा दिया गया। इस नये कानून को लेकर विवाद है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश की कांग्रेस नेता जय ठाकुर ने शीर्ष अदालत में दायर अपनी अर्जी में कहा है कि केंद्र सरकार ने अदालत के फैसले का आधार बदले बिना इसे बदल दिया। एडीआर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का विश्वास है कि सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को नियंत्रित नहीं कर सकती। इससे लोकतंत्र को खतरा है। ऐसा प्रतीत होता है कि नये कानून में चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को हटाने के पीछे सरकार की मंशा यही रही होगी कि उसे किसी तरह की दुविधा का सामना न करना पड़े और उसे इस बात की भी आशंका रही होगी कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में प्रधान न्यायाधीश और नेता प्रतिपक्ष दोनों ने अपना विरोध दर्ज कर दिया तो सरकार के सामने एक असहज स्थिति पैदा हो सकती है। हालांकि गैरझसरकारी संगठन एडीआर और वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण की ओर से उठाई आपत्तियां भी विचारणीय है और इसे सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। अब देखने वाली बात यह है कि इस अहं मसले पर सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला देता है। मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत की टिप्पणी को लेकर एक वर्ग सशंकित है कि न्यायपालिका और विधानपालिका के बीच टकराव न हो जाए। भारत में न्यायपालिका स्वतंत्र व निष्पक्ष है तथा लोकतंत्र भी परिपक्व व मजबूत है। जाहिर है ऐसे में किसी तरह के टकराव की गुंजाइश नहीं है?

## गरिमा का ख्याल

**किसी म**हिला के शरीर की बनावट पर की गई टिप्पणी यौन उत्पीड़न के तहत आती है, इसे दंडनीय अपराध माना जाएगा। केरल हाईकोर्ट ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में यह कहा और याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से मना कर दिया। इसे यौन दृष्टि से प्रेरित टिप्पणी कहते हुए अदालत ने कहा इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। आरोपी के संदेशों व टिप्पणियों में यौन उत्पीड़न के सभी तत्वों की मौजूदगी मानते हुए अदालत ने महिला के सम्मान व गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताया। अभियोजन के अनुसार आरोपी के कॉल व मैसेजों में यौन उत्पीड़न के तत्व मौजूद थे जो महिला को शारीरिक व मानसिक तौर पर परेशान करता था। आरोपी व पीड़ित दोनों केरल राज्य विद्युत बोर्ड. के कर्मचारी हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) तथा 509(स्त्री की गरिमा को ठेस पहुंचाना) के साथ केरल पुलिस अधिनियम की धारा 120 (ओ) यानी अवांछित कॉल , पत्र, लिखित,संदेश भेजने वाले माध्यम का प्रयोग कर परेशान करना शामिल है के तहत मामला दर्ज किया गया था। दोषी का कहना है सुंदर काया पर टिप्पणी करना यौन रंजित टिप्पणी की श्रेणी में नहीं आता। महिलाओं के लिए प्रयोग की जाने वाली अभद्र टिप्पणियों,उन्हें घूरने, आंख मारने, तंज करने के खिलाफ सख्त कानून बनाए जाने के बावजूद स्त्री-द्वेष के चलते सहकर्मी,सार्वजनिक स्थल या परिवार के भीतर लगातार उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई जाती है। महिला सशक्तिकरण के तमाम प्रयासों के बावजूद समाज में बदलाव आता नहीं नजर आ रहा। खासकर इस मामले में प्रतीत होता है, दोषी का मकसद निरंतर फोन व संदेशों द्वारा महिला को जानते-बूझते उत्पीड़ित करना था। अभी भी समाज में स्त्री की निजता व उसकी सहमति के सम्मान को लेकर पुरुषों का नजरिया संकुचित बना हुआ है। कानूनी सख्तियों के बावजूद चेतना नहीं आती दिख रही। कुछ मामलों में महिलाएं उकसावे में भी शामिल नजर आती हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव का माहौल है जिसमें एक नेता द्वारा दूसरी नेता के गालों की तुलना सड़क से की थी। इस मानसिकता को बदला जाना जरूरी है। समाज में हर किसी की गरिमा का उचित ख्याल किया जाना जरूरी है।

# वायु प्रदूषण की चिंता

दिल्ली में तो इसका ठीकरा पंजाब, हरियाणा, यूपी की पराली पर फोड़ दिया जाता है कि उसका धुंआ इधर आता है, मगर सर्वेक्षण में पराली तो केवल 10 फीसदी योगदान देती है, शेष 90 फीसदी के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सबसे बड़ा प्रश्न है। सरकारें बारिश होकर व हवा के साथ उड़ जाने से स्वयं स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रही हैं। क्या अपने स्तर पर कोई प्रयास संभव नहीं है, जो लोगों को दम घुटती इस स्थिति से बाहर निकाल सके। दिल्ली-एनसीआर का वायु प्रदूषण अब न केवल स्थानीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का कारण बन गया है। हाल ही में अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित सीओपी-29 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा और उसके खतरनाक प्रभावों पर गंभीर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इसे न केवल स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरणीय आपातकाल घोषित किया। दिल्ली-एनसीआर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर पहुंच गया है जिसमें कुछ क्षेत्रों में यह 500 से भी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी कम हो गई है और शहर गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि दिल्ली का बढ़ता वायु प्रदूषण अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है।

**मनोज डोंगरा**

**दिल्ली** एनसीआर सहित देश में वायु की दिन-प्रतिदिन गिरती गुणवत्ता गंभीर समस्या बन चुकी है। कहीं यह मौत की हवा न सिद्ध हो, इसलिए इस दिशा में चिंतन जरूरी है। निरंतर वायु की गुणवत्ता गंभीर स्तर पर बढ़ने लगी है जिससे मृत्यु की दर के आंकड़े भयभीत कर रहे हैं। देश में वायु प्रदूषण की समस्या इस कदर भयावह हो गई है कि इसकी वजह से मृत्यु दर में वृद्धि होने लगी है। लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन ने आंकड़ों के माध्यम से जो तस्वीर पेश की है, वो सोचने को मजबूर कर रही है। इसके अनुसार दिल्ली सहित देश के 10 शहरों में प्रतिवर्ष हवा में पीएम-2.5 के कणों की अधिकता के कारण लगभग 33000 लोगों की मौत हो रही है। इसमें सिर्फ दिल्ली में ही 12 हजार लोगों की जान जा रही है, जो प्रति वर्ष होने वाली कुल मौतों का 11.5 प्रतिशत है। राजधानी में 100 में से 12 लोगों की मौत खराब हवा के कारण होती है। वाराणसी में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 10 प्रतिशत से अधिक हैं। कोलकाता में 7.3, पुणे में 5.9, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतें 5.6 प्रतिशत हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला जैसी जगह पर यह 3.7 प्रतिशत है। भारत के स्वच्छ वायु मानदंड विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर के मानक से चार गुना अधिक हैं। देश के कई क्षेत्रों की हवा जहरीली होती जा रही है। दिल्ली वालें का दम तो घुट ही गया है, बल्कि साथ में कई अन्य शहर भी इसकी चपेट में हैं। दिल्ली में तो इसका ठीकरा पंजाब, हरियाणा, यूपी की पराली पर फोड़ दिया जाता है कि उसका धुंआ इधर आता है, मगर सर्वेक्षण में पराली तो केवल 10 फीसदी योगदान देती है, शेष 90 फीसदी के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सबसे बड़ा प्रश्न है।

सरकारें बारिश होकर व हवा के साथ उड़ जाने से स्वयं स्थिति सामान्य होने का इंतजार कर रही हैं। क्या अपने स्तर पर कोई प्रयास संभव नहीं है, जो लोगों को दम घुटती इस स्थिति से बाहर निकाल सके। दिल्ली-एनसीआर का वायु प्रदूषण अब न केवल स्थानीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का कारण बन गया है। हाल ही में अजरबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित सीओपी-29 समिट में दिल्ली की जहरीली हवा और उसके खतरनाक प्रभावों पर गंभीर चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने इसे न केवल स्वास्थ्य, बल्कि पर्यावरणीय आपातकाल घोषित किया। दिल्ली-एनसीआर के हालात बद से बदतर हो चुके हैं। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर स्तर पर पहुंच गया है जिसमें कुछ क्षेत्रों में यह 500 से भी अधिक हो गया है। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदूषण के कारण कई इलाकों में विजिबिलिटी कम हो गई है और शहर गैस चैंबर में तब्दील हो चुका है। डॉक्टर्स और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि दिल्ली का बढ़ता वायु प्रदूषण अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। हर सांस के साथ जहरीले कण शरीर में प्रवेश कर रहे हैं, जो विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रहे हैं। सीओपी-29 समिट में दिल्ली के प्रदूषण का मुद्दा प्रमुख रहा। पर्यावरण मंत्रालय को दम घुटती जहरीली हवाओं से देशवासियों को बचाने के लिए उपाय खोजने होंगे, नहीं तो यह विश्व में भारत की बढ़ती धाक पर एक धब्बे के रूप में स्पष्ट देखने को मिलेगा। कई देशों ने ऐसी समस्याओं का इलाज किया है। उस तकनीक को भारत क्यों नहीं समझता?

# वैश्विक महासागर की लहरों में हिंदी का जलपोत

आज के वैश्विक फलक पर हिंदी स्वयं को एक संपर्क भाषा, प्रचार भाषा और राजभाषा के साथ-साथ वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करती जा रही है। देखा जाए तो विश्व में चीनी भाषा (मंदारिन) के बाद हिंदी का दूसरा स्नान है। विश्व के लगभग एक सौ चालीस देशों के लगभग पांच सौ केंद्रों में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है, जहां न जाने कितने हिंदी विद्वान अपना योगदान दे रहे हैं। कंप्यूटर, मोबाइल और आइपैड पर हिंदी की पहुंच ने यह बात सिद्ध कर दी है कि आने वाले समय में इंटरनेट की भाषा अंग्रेजी न होकर हिंदी होगी।

**मृदुला श्रीवास्तव**

**आज** 10 जनवरी को हर वर्ष की तरह पूरा विश्व, विश्व हिंदी दिवस मना रहा है। हिंदी अपने 75 सालों के गौरवमयी इतिहास के साथ इस मुकाम पर आ पहुंची है कि पूरा विश्व अब हिंदी के महत्व को समझने लगा है। आज हमें यह मानने में तनिक भी संकोच नहीं होना चाहिए कि हिंदी आज सिर्फ साहित्य की भाषा और भारत की राजभाषा ही नहीं है, बल्कि विश्व बाजार भाषा भी है। उपभोक्तावादी संस्कृति ने विज्ञापनों को जन्म दिया, जिससे न केवल हिंदी का प्रयोग बढ़ा, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिले। हर साल चौदह सितंबर को भारत में हिंदी दिवस और फिर हिंदी सप्ताह, पखवाड़ा खूब जोर-शोर से मनाया जाता है। उस दौरान हिंदी की स्थिति पर खूब चर्चा होती है, पर 10 जनवरी को क्यों भूल जाते हैं? कुछ लोग इस बात पर प्रसन्न होते देखे जाते हैं कि हिंदी वैश्विक परिदृश्य में अपनी जगह बना रही है। आज जबकि कई भाषाएं खत्म हो रही हैं तो हिंदी निरंतर फैल रही है। दुनिया भर में इसका विस्तार हो रहा है। पर इन्हीं सबके बीच एक यह चिंता भी अपने पैर लगातार पसारे हुए है कि अंग्रेजी का वर्चस्व अभी भी कायम है। मगर इस विषय पर बात बहुत कम हो पाती है कि एक भाषा के रूप में क्या हिंदी अपना वास्तविक स्वरूप ले पाई है? क्या वह तमाम वर्गीय दबावों, बाजार की तिकड़मों से मुक्त होकर अपनी सशक्त पहचान बना पाई है? विश्व स्तर पर आखिर हिंदी किस पड़ाव पर खड़ी है?

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर इन मुद्दों पर ही अपने विचार रखना मेरे इस लेख का लक्ष्य है। हम सभी जानते हैं कि आज का समय भूमंडलीकरण का है, जिसका असली चेहरा बाजार के रूप में हमारे सामने उपस्थित हुआ है। तेजी से फैलती बाजार संस्कृति ने हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, खानपान, पहनावा, भाषा, संस्कृति आदि को प्रभावित किया है। बच्चों के सपनों तक में बाजार का प्रवेश हो चुका है। मनुष्य की अस्मिता सुरक्षित रखने के लिए भाषा एक सशक्त माध्यम है। आज दुनिया में लगभग साठ हजार भाषाएं किसी न किसी रूप में बोली और समझी जाती हैं, लेकिन आने वाले समय में नब्बे प्रतिशत से अधिक का अस्तित्व खतरे में है। भाषाओं के इस विलुप्तीकरण के दौर में हिंदी अपने को न केवल बचाने में सफल हो रही है, बल्कि उसका उपयोग-अनुप्रयोग भी निरंतर बढ़ता जा रहा है। यही हमारे लिए आशा की किरण है। हिंदी विश्व की समस्त भाषाओं को आत्मसात करने की क्षमता रखती है। हिंदी भाषा लगभग डेढ़ हजार वर्ष पुरानी भाषा है और इसमें लगभग डेढ़ लाख से भी ज्यादा शब्दावली समाहित है। इसी कारण हिंदी को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है, क्योंकि यह अनेक विदेशी भाषाओं के शब्दों को न केवल स्वीकार करती है, बल्कि विश्व की समस्त भाषाओं को आत्मसात करने की क्षमता भी रखती है। यह भी कम महत्वपूर्ण बात नहीं है कि हिंदी के विकास के लिए विश्व की पैंतीस सौ विदेशी कृतियों का हिंदी में अनुवाद किया जा चुका है। विश्व हिंदी का केंद्रीय सचिवालय मॉरीशस में बनना और हिंदी को प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए किए जाने वाले सतत प्रयास इसे संयुक्त राष्ट्र की भाषाओं में स्थान दिलाने के प्रयास की ओर बढ़ते कदम हैं। हिंदी के इस व्यापक प्रचार-प्रसार के नेपथ्य में बाजार का बहुत बड़ा योगदान है।

आज के वैश्विक फलक पर हिंदी स्वयं को एक संपर्क भाषा, प्रचार भाषा और राजभाषा के साथ-साथ वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करती जा रही है। देखा जाए तो विश्व में चीनी भाषा (मंदारिन) के बाद हिंदी का दूसरा स्नान है। विश्व के लगभग एक सौ चालीस देशों के लगभग पांच सौ केंद्रों में हिंदी का अध्ययन-अध्यापन हो रहा है, जहां न जाने कितने हिंदी विद्वान अपना योगदान दे रहे हैं। कंप्यूटर, मोबाइल और आइपैड पर हिंदी की पहुंच ने यह बात सिद्ध कर दी है कि आने वाले समय में इंटरनेट की भाषा अंग्रेजी न होकर हिंदी होगी। भारत में उच्च और उच्चभासी वर्गों की संपर्क भाषा अंग्रेजी है जिनकी संख्या 3 प्रतिशत से अधिक नहीं है। लोकजीवन उनकी अपनी-अपनी प्रांतीय-क्षेत्रीय भाषाओं में चलता है, वास्तविक लोक संपर्क हिंदी के माध्यम से चलता है। इसी प्रकार विदेशों में भारत और पाकिस्तान के निवासियों के पारस्परिक मिलन प्रसंगों में उच्च और उच्चाभासी वर्गों के लोगों के मिलन पर अंग्रेजी चलती है, एक भाषी संपर्कों में क्षेत्रीय भाषा, एकाधिक भाषी संपर्कों में हिंदी, कुल मिलाकर 20 प्रतिशत से अधिक अंग्रेजी का उपयोग ये लोग नहीं करते। हिंदी जानने वाले व्यक्ति को इस फैली हुई हिंदी की दुनिया में, अंग्रेजी न जानने पर भी, कोई कठिनाई नहीं होती। सैकड़ों लोग भारत से किसी भी प्रदेश की भाषा के बोलने वाले, विकसित देशों में कहीं काम के लिए चले जा रहे हैं। हिंदी उनके लिए माध्यम का काम कर रही है और वे अपना काम कर रहे हैं। जब हम निर्धारित प्रतिमानों पर हिंदी का परीक्षण करते हैं तो पाते हैं कि वह न्यूनाधिक मात्रा में प्रायः सभी निष्कर्षों पर खरी उतरती है। आज वह विश्व के सभी महाद्वीपों तथा महत्त्वपूर्ण राष्ट्रों में किसी न किसी रूप में प्रयुक्त होती है। वह विश्व के विराट फलक पर नवल चित्र के समान प्रकट हो रही है। जब 21वीं सदी में वैश्वीकरण के दबावों के चलते विश्व की तमाम संस्कृतियां एवं भाषाएं आदान-प्रदान व संवाद की प्रक्रिया से गुजर रही हैं तो हिंदी इस दिशा में विश्व मनुष्यता को निकट लाने के लिए सेतु का कार्य कर सकती है। उसके पास पहले से ही बहु सांस्कृतिक परिवेश में सक्रिय रहने का अनुभव है जिससे वह अपेक्षाकृत ज्यादा रचनात्मक भूमिका निभाने की स्थिति में है। मौजूदा समय में हिंदी ग्लोबल हिंदी में परिवर्तित हो गई है, आज तकनीकी विकास के युग में दूसरे देशों के लोग भी, भले ही विपणन के लिए ही सही, हिंदी भाषा सीख रहे हैं। आज स्थिति यह है कि भारत व चीन के व्यावसायिक संबंधों को बढ़ाने की संभावनाओं की तलाश के लिए लगभग दस हजार लोग पेइचिंग में हिंदी सीख रहे हैं। आज से लगभग 45 वर्ष पूर्व कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य आरंभ हुआ और इसी तरह एंकोडिंग व डिकोडिंग के माध्यम से विश्व की विभिन्न भाषाएं भी कंप्यूटर पर सुलभ होने लगीं। इस तकनीकी विकास ने भारतीय भाषाओं को जोड़ा है। हिंदी जिस गति तथा आंतरिक ऊर्जा के साथ अग्रसर है, उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि सन 2020 तक वह दुनिया की सबसे ज्यादा बोली व समझी जाने वाली भाषा बन जाएगी।

# आत्मा

## चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**चरित्रवान** बनने के लिए अपनी आत्मिक शक्ति जगाने की आवश्यकता होती है। तप, संयम और धैर्य से आत्मा बलवान बनती है। कामुकता, लोलुपता व इंद्रिय सुखों की बात सोचते रहने से ही आत्मझशक्ति का ह्रास होता है। अपने जीवन में कठिनाइयों और मुसीबतों को स्थान न मिले तो आत्मझशक्ति जागृत नहीं होती। जब तक कष्ट और कठिनाइयों से जूझने का भाव ह्दय में नहीं आता तब तक चरित्रवान बनने की कल्पना साकार रूप धारण नहीं कर सकती। चरित्र-निर्माण के लिए साहित्य का बड़ा महत्व है। महापुरु षों की जीवन कथा पढ़ने से स्वयं भी वैसा बनने की इच्छा होती है। विचारों को शक्ति व दृढ़ता प्रदान करने वाला साहित्य आत्म-निर्माण में बड़ा योग देता है। इससे आंतरिक विशेषताएं जागृत होती हैं। अच्छी पुस्तकों से प्राप्त प्रेरणा सच्चे मित्र का कार्य करती हैं। इससे जीवन की सही दिशा का ज्ञान होता है। इसके विपरीत अश्लील साहित्य अधःपतन का कारण बनता है। जो साहित्य इंद्रियों को उत्तेजित करे उससे सदा सौ कोस दूर रहें। इनसे चरित्र दूषित होता है। साहित्य का चुनाव करते समय यह देख लेना अनिवार्य है कि उसमें मानवता के अनुरूप विषयों का सम्पादन हुआ है अथवा नहीं? यदि कोई पुस्तक ऐसी मिल जाए तो उसे ही सच्ची रामायण, गीता, उपनिषद् मानकर वर्णित आदर्शों से अपने जीवन को उच्च बनाने का प्रयास करें तो चारित्रिक संगठन की बार स्वतः पूरी होने लगती है। हमारी वेषभूषा व खानपान भी हमारे विचारों तथा रहन-सहन को प्रभावित करते हैं। भड़कीले, चुस्त व अजीब फैशन के वस्त्र मस्तिष्क पर अपना दूषित प्रभाव डालने से चूकते नहीं। इनसे हर घड़ी सावधान रहें। वस्त्रों में सादगी और सरलता मनुष्य की महानता का परिचय है। इससे किसी भी अवसर पर कठिनाई नहीं पड़ती। मन और बुद्धि की निर्मलता, पवित्रता पर इनका बड़ा सौम्य प्रभाव पड़ता है। यही बात खान-पान के संबंध में भी है। आहार की सादगी और सरलता से विचार भी वैसे ही बनते हैं। मादक द्रव्य मिर्च, मसाले, मांस जैसे उत्तेजक पदार्थों से चरित्र बल क्षीण होता है और पशुवृत्ति जागृत होती है। खान-पान की आवश्यकता स्वास्थ्य रहने के लिए होती है न कि विचार- बल को दूषित बनाने को।

## आपके पत्र

### क्या नई बीमारी को मात दे पाएगा भारत?

मानव मेटान्यूमोवायरस(एचएमवीपी) एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियां सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढांचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है। वायरस का प्रभाव बढ़ने के कारण यह लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। अब सवाल है कि क्या भारत इसका मुकाबला कर पाएगा?

**बीआर मल्लिक, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### एसकेएमयू ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने गुरुवार को छह परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। जिन परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है, उनमें बीबीए व बीसीए सेमेस्टर दो, एमबीए एमसीए सेमेस्टर दो व चार शामिल हैं। एमबीए एमसीए सेमेस्टर दो व चार की परीक्षा 17 से 24 जनवरी तक तथा बीबीए व बीसीए सेमेस्टर दो की परीक्षा 15 से 18 जनवरी तक द्वितीय पाली में दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक होगी। उक्त सभी परीक्षाओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। छात्र विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा ओएसडी डॉ.इंद्रनील मंडल ने बताया कि छात्रों को परीक्षा केंद्र पर ओरिजनल एडमिट कार्ड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र ऑनलाइन जारी किए गए एडमिट कार्ड का प्रिंट लेकर भी परीक्षा देने जा सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ.जय कुमार साह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**साहिबगंज :** तालझाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत बोहा सक्रिगली निवासी छोटे हांसदा के 24 वर्षीय पुत्र किशुन हांसदा का बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर केशव कृष्णा ने उपचार कर घर भेज दिया ।वही घायल किशुन हांसदा ने बताया कि हम बांझी से अपने घर आ रहे थे।पहाड़पुर टॉवर के पास विपरीत दिशा से आ रही टैंपो को बचाने में गिर गए ।वही किशुन हांसदा को सर हाथ पैर में गंभीर चोट लगी है।

### मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

साहिबगंज :मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज शिव कुमार यादव ने बगल के ही रहने वाले के कुछ लोगों के ऊपर धोखाधड़ी से बुलाकर मारपीट करने को लेकर मुफस्सिल थाना पुलिस को आवेदन दिया है। जिसमें शिवकुमार ने बताया कि मिट्ठू यादव का फोन आया कहा की मेरे घर में एक गंभीर घटना घटित हो गई है ।आप तुरंत मेरे घर पर आ जाईए।वहां पहुंच कर मिट्ठू यादव को फोन लगाया तो उसने फोन नहीं उठाया ।इतने में धनंजय यादव सहित अन्य लोग मेरे साथ जान मारने की नीयत से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मेरा सिर फट गया व हाथ टूट गया। इसी दौरान मेरी पत्नी वहां पहुंच गई और मुझे बचा लिया और इस मामले की जानकारी देने के लिए मुफस्सिल थाना पुलिस के पास लेकर चली गई। जहां पुलिस ने घायल अवस्था देख इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### युवा आदान-प्रदान में भाग लेने के लिए 27 टीमों की सदस्य हजारीबाग के लिए रवाना




साहिबगंजः युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र माय भारत साहिबगंज के तत्वावधान में आदान-प्रदान में भाग लेने के लिए 27 टीमों की सदस्य हजारीबाग के लिए रवाना हुए। जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों एवं शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम एक साथ जानकारियां प्राप्त करेंगे।

### कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष भरत यादव के सौजन्य से एक मिलन समारोह कल

**साहिबगंजः** शनिवार को 12:00 दिन में स्थानीय पुलिस लाइन मंदिर के परिसर में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष भरत यादव के सौजन्य से एक मिलन समारोह- सह- भोज का आयोजन किया गया है इसमें सभी सेवानिवृत कर्मी तथा 50 वर्ष से अधिक आयु के कर्मिगण को आमंत्रित किया गया है। इस मिलन समारोह -सह- भोज में सभी स्थानीय दैनिक कर्मचारी अपना कीमती समय निकालकर इस मिलन समारोह सह भोज में शामिल होकर अपना अमूल्य भागीदारी और प्रेम प्रकट करने की महती कृपा करेंगे।

### सौर ऊर्जा से सिंचाई की नई पहल, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया अवलोकन



**मांडर।** प्रखंड के सोंसई आश्रम में गुरुवार को सौर ऊर्जा से सिंचाई की एक नई पहल का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने सोलर वाटर पंप और ट्रॉली बेस प्रणाली का अवलोकन किया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य किसानों को सौर ऊर्जा की तकनीक से जोड़कर उनकी सिंचाई की समस्याओं का समाधान करना है।

बंधु तिर्की ने कहा कि इस पहल से किसानों की मेहनत और लागत में कमी आएगी, साथ ही उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा। सौर ऊर्जा के माध्यम से तालाब, नदी, कुआं, और डैम से सिंचाई संभव होगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में सोंसई, बुढ़ाखुखरा और बिसहाखटंगा गांवों में चार-चार सेट उपलब्ध कराए जाएंगे। ये सेट 10-10 किसानों की समितियों को सौंपे जाएंगे, ताकि सामूहिक रूप से इसका लाभ उठाया जा सके।

बंधु तिर्की ने किसानों से अपील की कि वे इस तकनीक का अधिकतम उपयोग करें और खेती में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस तरह की योजनाओं से किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

इस कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जमील आरीफ, हसन मलिक, सेरोफीना मिंज, सरीता तिग्गा, रसीद अंसारी, मेरी उरांव, रिना उरांव, पिर्ति उरांव समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून सांसद में लाकर पास कराने का मांग को लेकर दिल्ली कुच करेगा पत्रकार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के बैनर तले कोलकाता में डुमरजला स्टेडियम समीप होटल नॉकस के सभागार में तीन दिवसीय आठवां राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडे, राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन,पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष शैलेशर पांडा,वरिष्ठ पत्रकार इंदु बंसल,संपूर्णा नंद भारती,वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा,शालीमा नासरीन सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत शुभारंभ किया।शुरूआत में मुकेश चंद्राकर सहित अन्य मृत पत्रकारों के आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति की प्राथना की गई।वही अध्यक्ष ने कहा कि अधिवेशन में पत्रकारों का हत्या,पत्रकारों के ऊपर हो रहे शोषण को गंभीरता से विचार किया गया।पत्रकारों के सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कानून बनाने के लिए दिल्ली कूच किया जाएगा।दिल्ली में देश भर के पत्रकार राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री, गृहमंत्री से मिलकर पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून सांसद में लाकर कठोर कानून बनाने का मांग करेंगे।जिससे पत्रकारों की सुरक्षा हो सके।इसके साथ साथ पत्रकारों की सुरक्षा,पत्रकारों को टोल टैक्स में छूट,मेडिकल सुविधा, इंसोरेंस सहित अन्य सुविधा दी जाए।जिसके लिए सत्ता पक्ष, विपक्ष सभी के नेताओं से मिलकर पत्रकार हित में कानून बनाने की अपील करेंगे।वही शहनवाज हसन ने इसकी रूप रेखा रखी।आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष वीर भद्र राव ने कहा कि आज के समय में देखा जा रहा है कि नेता पत्रकार को तर्जी नहीं दे रहा है, तो हमलोग चौथा स्तंभ है हमलोग भी नेता को तजी नहीं देंगे।वही 22 राज्य के लगभग एक हजार पत्रकार इस अधिवेशन में हिस्सा ले रहे है। जिसमें जेजेए जिलाध्यक्ष अरविंद ठाकुर,परवीन कुमार,नन्दन झा, मुन्ना यादव,गुलजार,अजीत शर्मा, सुमन झा,राजेश दास शामिल हुए।



## सड़क और पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** जहाँ सरकार सामाजिक तौर पर ग्रामीण स्तर तक बिकास के मुख्य धारा से निचले स्तर के इलाकों को जोड़ने का प्रयास कर रही है,जिसके लिए करोड़ो रुपयों के लागत से बिकास की गति को बढ़ावा देने का काम कर रही है। वहीं भ्ष्टाचार्र के दलदल में पनपते शाख इन विकासशील योजनाओ को ध्वस्त करने का काम कर रही है।ऐसा ही मामला बरहरवा प्रखंड में प्रकाश में आ रहा है बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच 80 दुगार्पुर गांव होते हुए एनएज 80 मुनिया होटल तक बन रहे पीसीसी सड़क व पुलिया निर्माण में अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से बन रहे सड़क पुलिया निर्माण में संबंधित संवेदक द्वारा निर्धारित मानक के विपरीत मैटेरियल उपयोग करने का आरोप हैं।बताया जाता हैं कि उक्त पीसीसी सड़क और पुलिया निर्माण में जमकर मानक की अनदेखी की जा रहीं है।जिससे पीसीसी सड़क पुलिया की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया निर्माण में मानक की अनदेखी की जा रही है।कुछ ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया को केवल धुला और लोकल सीमेंट व सरिया का इस्तेमाल किया गया है।जिससे पुलिया भविष्य में खतरे की घंटी साबित हो सकती है।ग्रामीणों ने उक्त पुलिया निर्माण में उपयोग की जा रहीं मैटेरियल की जाँच की मांग की है।जानकारी हो कि दो पुलिया ऐसा भी बनाया गया है।जहां कोई जरूरत ही नहीं था।लगता है टेंडर फुल करने की मानसिकता से ऐसा किया गया हो। तस्वीर के माध्यम से गुत्थी को समझने कोशिश कीजिए कि यहां पुलिया बनना जरूरी था? उम्मीद करते हैं कि हैरान हो जाएंगे आप। निमार्णाधीन पुल का उच्च स्तरीय जांच होने पर संवेदक का कई चौंकाने वाले राज सामने आ सकते हैं।और सरकारी राशियों का दुरुपयोग करने वालों का के बहुमुखी खेल का खुलाशा हो सकता है।

## माही स्पोर्ट्स येलो ने 125 रनों से जीत दर्ज की

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनामेंट में गुरुवार को माही स्पोर्ट्स येलो बनाम छत्रपति शिवाजी क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। छत्रपति शिवाजी क्लब ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। माही स्पोर्ट्स येलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 9 विकेट पर 241 रन बनाया। आदित्य ज्ञान ने 45, अनाउल्लाह अंसारी ने 54, रवि कुमार ने 54, शोएब व नदीम ने 14-14, अल्तमश ने 13, अकीब ने 10 रन बनाए। छत्रपति शिवाजी क्लब ने हुसैन कुरैशी, शुभेंदु, आदित्य व अभिषेक ने 2-2 व अनुज पराशर ने 1 विकेट लिया। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी छत्रपति शिवाजी क्लब 21.4 ओवर में 113 रन बना कर ऑल आउट हो गई। श्रवण ने 12, खालिद कुरैशी ने 46 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज अल्तमश व रवि ने 4-4 व उमर



व सागर ने 1-1 विकेट लिया। माही स्पोर्ट्स येलो ने 125 रनों से जीत दर्ज की। माही स्पोर्ट्स येलो के खिलाड़ी रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि अधिवक्ता सुरेश बजाज ने रवि कुमार को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, प्रभाकर कुमार, राकेश रोशन, आदित्य, सतीश सिन्हा, गोपाल सिंह, राजीव कुमार व अन्य मौजूद थे। टूनामेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि शुक्रवार को माही स्पोर्ट्स ब्लू बनाम बरहेट वॉरियर्स के बीच मैच खेला जाएगा।

## डीसी नक योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में कृषि विभाग सहकारिता विभाग पशुपालन विभाग मत्स्य विभाग उधान विभाग भूमि संरक्षण लघु सिंचाई जेएसएलपीएस मनरेगा की अभिसरण की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में कार्यों के विषय में जानकारी ली आवश्यक दिशा निर्देश दिए।विभागों द्वारा दिए गए टारगेट और उनके अनुसरण किये जा रहे। विषय की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक



दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कृषि विभाग पशुपालन विभाग भूमि संरक्षण विभाग जिला उद्यान गव्य विकास, मनरेगा, लघु सिंचाई, जेएसएलपीएस मत्स्य विभाग की कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली औल योजनाओं के क्रियान्वय हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा,परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ हरिशंकर झा भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार विन्हा अन्य उपस्थित थे।

### बेघर व्यक्तियों को सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ेगे : सचिव



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशार्नुसार व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के द्वारा व्यवहार न्यायालय साहिबगंज के परिसर में जरूरतमंदों के बीच इस कड़ाके की ठंड में कंबल का वितरण किया गया। डालसा सचिव विश्वनाथ भगत द्वारा पैरा लीगल वालंटियर को शामिल कर एक टीम गठित किया गया तथा उनके द्वारा जरूरतमंदों, बेबस, लाचार, बूढ़े, विधवा तथा बच्चों के लिए इस कड़ाके की ठंड में शहर के मुख्य स्थान पर जलावन एवं अलाव का भी व्यवस्था किया गया।प्राधिकार के सचिव ने बताया कि आगे भी जिला प्रशासन और नगर पालिका के साथ समन्वय कर कंबल वितरण किया जाएगा ।

### पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने मंत्री संजय प्रसाद यादव को किया सम्मानित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव को परिसदन भवन में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर को सम्मानित किया। मोर्चा के पदाधिकारीओं को मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के हक और अधिकार के लिए सरकार गंभीरता पूर्वक कार्य कर रही है। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय प्रधान सचिव डॉ.अमरेंद्र कुमार यादव महासचिव रंजीत जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार मांझी, जयकांत जायसवाल, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे, पवित्र कुमार मंडल, अरुण पंजियारा, प्रमोद पंडित, माणिक पंडित, जगबंधु पाल, नारायण बैध सहित कई लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रगान गाने वाले दलों का किया गया चयन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर पुलिस लाइन समेत विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यालय में झंडोत्तोलन के समय राष्ट्रगान गाने वाले दलों का चयन उपायुक्त दुमका के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका द्वारा गठित तीन सदस्य टीम के निर्णायक दल के द्वारा प्लस टू जिला स्कूल दुमका के प्रशाल में किया गया। तीन सदस्य निर्णायक दल के रूप में कैलाश पातर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी दुमका, सुषमा हांसदा सहायक शिक्षिका प्लस टू गर्ल्स स्कूल दुमका एवं महेंद्र प्रसाद साह प्रभारी प्रधानाध्यापक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मांगुरडीह जामा ने बेहतर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पुलिस लाइन समेत विभिन्न कार्यालय के लिए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्रगान गाने वाले टीमों का चयन किया गया।



चयन कार्यक्रम में प्लस टू जिला स्कूल दुमका, प्लस टू गर्ल्स स्कूल दुमका, मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय दुमका, सिद्धू कान्हू उच्च विद्यालय दुमका, लिटिल एंजेल स्कूल दुमका, सन्त तेरेसा उच्च विद्यालय दुधानी, सेंट जोसेफ उच्च विद्यालय दुमका, बाल भारती स्कूल दुमका, मध्य विद्यालय कडहलबिल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर दुमका के छात्राओं ने भाग लिया। पुलिस लाइन में राष्ट्रगान प्रस्तुति के लिए संत टेरेसा उच्च विद्यालय दुमका प्लस टू जिला स्कूल दुमका एवं सिदो कान्हू हाई स्कूल दुमका से कुल 21 छात्राओं का चयन किया गया।



# माता ज्वालामुखी के दरबार पहुंचीं अभिनेत्री यामी गौतम

**विश्व** विख्यात शक्तिपीठ श्रीज्वालामुखी मंदिर में फिल्म अभिनेत्री यामी गौतम ने माता रानी की ज्योति के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। यामी गौतम के नानके (ननिहाल) ज्वालामुखी में है इसलिए मंदिर में दर्शन के उपरांत वह अपने ननिहाल के रिश्तेदारों से मिलने भी गए। ज्वालामुखी मंदिर में मंदिर न्यास सदस्य और पुजारी कपिल शर्मा ने उन्हें पूजा-अर्चना करवाई और माता रानी की तस्वीर भेंट कर मंदिर न्यास की तरफ से सम्मानित किया। इस मौके पर उनके नाना प्रवीण कुमार शर्मा भी उपस्थित थे। यामी गौतम ने कहा कि वह हर साल हिमाचल प्रदेश में अपने घर आती है और सभी रिश्तेदारों से मिलना होता है। देवी-देवताओं के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है।



# आदित्य रॉय कपूर के साथ फिर आशिकी करेगी श्रद्धा कपूर

**बॉलीवुड** अभिनेत्री श्रद्धा कपूर सिल्वर स्क्रीन पर एक बार फिर से आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी करती नजर आ सकती है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी वर्ष 2013 में सुपरहिट फिल्म आशिकी 2 में आदित्य रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर की जोड़ी नजर आयी थी। चर्चा है कि अब यह जोड़ी फिर से साथ नजर आ सकती है। चर्चा है कि दोनों जल्द ही एक रोमांटिक फिल्म में नजर आ सकते हैं।

चर्चा है कि मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म में आदित्य और श्रद्धा की जोड़ी फिर से नजर आ सकती है। स्क्रीनप्ले और कहानी पर मोहित सूरी और उनकी क्रिएटिव टीम काम कर रही है। फिल्म का आधिकारिक ऐलान आनेवाले हफ्तों में किया जा सकता है।



# गंभीर पर भिड़े तीन क्रिकेटर, मनोज तिवारी ने कहा पाखंडी, बचाव में आए नितीश-हर्षित

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 12 टेस्ट और तीन टी-20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने अपने साथी खिलाड़ी और भारतीय टीम के हैड कोच गौतम गंभीर पर भद्दा कमेंट किया है। इसी बीच गंभीर के बचाव में भारतीय टीम के दो स्टार प्लेयर नीतीश राणा और हर्षित राणा उतर आए। तिवारी ने गंभीर पर हमला बोलते हुए उन्हें हिप्पोक्रेट्स (पाखंडी) कहा। इतना ही नहीं मनोज ने गंभीर को झूठा भी कहा। दरअसल, गंभीर ने अपनी कप्तानी में आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को दो खिताब (2012, 2014) जिताए हैं। मनोज ने कहा कि पूरा क्रेडिट गंभीर को दिया जाता है। यह उनकी पीआर रणनीति है, जबकि टीम को जीत दिलाने में मैंने और बाकी खिलाड़ियों ने भी पूरा योगदान दिया है।

> **इसी कड़ी में केकेआर टीम के पूर्व कप्तान नीतीश राणा और हर्षित राणा ने गंभीर का सपोर्ट किया। मनोज ने कहा, गौतम गंभीर हिप्पोक्रेट्स (पाखंडी) हैं। वह जो कहते हैं, वो करते नहीं हैं। कप्तान रोहित) कहां से हैं? मुंबई से। अभिषेक नायर कहां से हैं?**

इसी कड़ी में केकेआर टीम के पूर्व कप्तान नीतीश राणा और हर्षित राणा ने गंभीर का सपोर्ट किया। मनोज ने कहा, गौतम गंभीर हिप्पोक्रेट्स (पाखंडी) हैं। वह जो कहते हैं, वो करते नहीं हैं। कप्तान रोहित) कहां से हैं? मुंबई से। अभिषेक नायर कहां से हैं? मुंबई से। उन्हें मुंबई के खिलाड़ी को आगे रखने का मौका मिला. जलज सक्सेना के लिए बोलने वाला कोई नहीं है। वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन चुप रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, मॉर्ने मोर्केल लखनऊ सुपर जायंट्स से आए हैं। अभिषेक नायर कोलकाता नाइट राइडर्स में गंभीर के साथ थे और भारतीय मुख्य कोच उनके साथ सहज हैं। उन्हें कोच की हां में हां मिलाना चाहिए। इसीलिए उन्हें लाया गया है। मनोज ने कहा, केकेआर को अकेले गंभीर की कप्तानी ने खिताब नहीं जिताया। हम सभी ने एक टीम के रूप में प्रदर्शन किया। परफॉर्मेंस को पीआर की जरूरत नहीं ट्रॉफी बोलती है: इस पर नीतीश राणा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बगैर मनोज का नाम लिए उन्हें जवाब दिया है। नीतीश ने लिखा, आलोचना हमेशा तथ्य पर होनी चाहिए न की पर्सनल दुश्मनी पर। अब तक मैं जितने निःस्वार्थ खिलाडि?ों से मिला हूं, उनमें से एक गौती भैया हैं। जरूरत के समय उन्होंने हमेशा साथ दिया और कंधों पर जिम्मेदारी उठाई है। परफॉर्मेंस को पीआर की जरूरत नहीं है। ट्रॉफी सबकुछ बोलती है। वहीं, हर्षित ने कहा, व्यक्तिगत असुरक्षा के कारण किसी पर ऐसे कमेंट करना सही नहीं है। गौती भैया वो हैं, जो खुद से ज्यादा दूसरों के बारे में सोचते हैं। जब खिलाड़ी मुश्किल में होता है, तब वह हमेशा सपोर्ट करते हैं।

# एक्टिंग की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल कर चुके हैं ऋतिक रोशन, दुनिया के सबसे हैंडसम लोगों में रहे हैं शामिल



> **एक साक्षात्कार के दौरान उन्हेंने इस बात का खुलासा किया था कि बचपन में उन्हें हकलाने की समस्या थी जिसकी वजह से उन्हें बोलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिसका कष्ट उन्हें आज भी होता है। उन्होंने बताया कि जब कभी भी स्कूल में मौखिक परीक्षा होती थी तब वे स्कूल बंक कर देते थे लेकिन हर रोज भाषा उपचार करने के बाद यह स्थिति धीरे-धीरे ठीक हुई।**

**दुनिया** के सबसे हैंडसम लोगों में शामिल ऋतिक रोशन ने बॉलीवुड में कई सफल और ब्लॉकबस्टर फिल्में देकर अपना एक अलग मुकाम स्थापित किया है। उनका पूरा फिल्मी करियर सफल रहा है। रितिक रोशन को 6 बार फिल्मफेयर अवाड्र्स से भी सम्मानित किया जा चुका है। एक्टिंग करने के साथ ही ऋतिक स्टेज परफॉर्मर और पार्श्व गायक भी हैं। उनके द्वारा निभाए गए किरदारों को आलोचकों के साथ-साथ जनता ने भी खूब सराहा है। वे किसी भी तरह के रोल करने में माहिर माने जाते हैं। अभिनय के अलावा वे अपने डांस मूव्स से भी लोगों का दिल जीत लेते हैं और बॉलीवुड में उनकी पहचान एक अच्छे डांसर के भी रूप में है।

**ऋतिक का शुरूआती जीवन:** राकेश और पिंकी रोशन के घर ऋतिक रोशन का जन्म मुंबई में 10 जनवरी, 1974 को हुआ था। उनके पिता राकेश रोशन एक जानेमाने हिंदी फिल्म निर्देशक, निमार्ता और पूर्व अभिनेता हैं। ऋतिक की सबसे अच्छी दोस्त उनकी बड़ी बहन सुनैना हैं। उनके पिता ने ऋतिक को अपनी शिक्षा पर ध्यान लगाने करने के लिए प्रोत्साहित किया, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर के रूप में अपनाने का फैसला किया, तो उनका समर्थन किया। 1980 में, उन्होंने हिंदी ड्रामा फिल्म 'आशा' में एक बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई थी। वह कई अन्य फिल्मों में भी छोटे-छोटे किरदारों में नजर आए।

ऋतिक की पढ़ाई-लिखाई: बॉलीवुड मे एक से बढ़कर जबदस्त फिल्में दे चुके ऋतिक रोशन ने अपनी प्रारंभिक स्कूली शिक्षा मुंबई के बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल से प्राप्त की और फिर मुंबई के सिडेनहम कॉलेज से बी.कॉम की डिग्री हासिल की। उन्हें ??बचपन में हकलाने की समस्या थी, जिसके कारण वह स्कूल में मौखिक परीक्षा से बचने के लिए बहाने बनाता था। हालाँकि, चिकित्सा उपचार के बाद उसकी स्थिति ठीक हो गई।

**कैसा रहा फिल्मी सफर:** ऋतिक रोशन का करियर बॉलीवुड अभिनेता के रूप में बचपन से ही शुरू हो गया था। बाल कलाकार के रूप में उनके पिता राकेश रोशन ने उन्हें अपनी निर्देशित फि ल्मों में से एक में लिया था। बचपन से ही ऋतिक को अभिनय में बहुत रुचि थी और वह इसमें काफी अच्छे थे। उन्होंने कई बड़े और प्रतिष्ठित पुरस्कार भी अपने नाम किए हैं। ऋतिक ने 1980 में फि ल्म आशा में बाल कलाकार के रूप में अपने अभिनय की शुरूआत की। मुख्य अभिनेता के रूप में, कहो ना प्यार है उनकी पहली फि ल्म थी। सहायक निर्देशक के रूप में ऋतिक ने अपने पिता के साथ चार फि ल्मों में काम किया है।


एक्टिंग के अलावा भी ऋतिक ने कई डांस शो में भी परफॉर्म किया है। एक्टिंग के अलावा उन्होंने अपने प्रोफेशन को आगे बढ़ाने के लिए म्यूजिक, डांसिंग, घुड़सवारी और तलवारबाजी जैसे हुनर भी सीखे हैं। फिल्में सफल न होने के बाद आलोचकों ने हमेशा उनकी एक्टिंग क्षमता की तारीफ की है। 1980 के दशक में उन्होंने अपने पिता राकेश रोशन के साथ सह-निर्देशक के तौर पर काम किया। कहा जाता है कि ऋतिक रोशन सेट पर कलाकारों को चाय पिलाने और सेट पर झाड़ू लगाने में मदद करते थे।

फिल्मों में भी वे अपनी बेहतरीन अदाकारी दिखाते हैं। 'कहो ना प्यार है' में उनके डांस परफॉरमेंस की वजह से उनकी ख्याति और प्रशंसक आधार में इजाफा हुआ। ऋतिक रोशन टेलीविजन रियलिटी प्रोग्राम जस्ट डांस में जज भी रह चुके हैं। ऋतिक रोशन बेहतरीन पेशेवर डांसर में से एक हैं जिन्होंने डांस की पढ़ाई की है। लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में काइट्स फिल्म की शूटिंग के दौरान 2009 में उनकी मुलाकात माइकल जैक्सन से भी हुई थी। जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ ऋतिक रोशन को अपना डांसिंग आइडल मानते हैं।

**ऋतिक की सुपरहिट फिल्में:** कहो ना प्यार है, फिजा, मिशन कश्मीर, कभी खुशी कभी गम, मुझसे दोस्ती करोगे, मैं प्रेम की दीवानी हूं, कोई मिल गया, लक्ष्य, क्रिश, धूम 2, जोधा अकबर, काइट्स, गुजारिश, जिंदगी न मिलेगी दोबारा, अग्निपथ, क्रिश 3, बैंग बैंग और वॉर है।

एक साक्षात्कार के दौरान उन्हेंने इस बात का खुलासा किया था कि बचपन में उन्हें हकलाने की समस्या थी जिसकी वजह से उन्हें बोलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिसका कष्ट उन्हें आज भी होता है। उन्होंने बताया कि जब कभी भी स्कूल में मौखिक परीक्षा होती थी तब वे स्कूल बंक कर देते थे लेकिन हर रोज भाषा उपचार करने के बाद यह स्थिति धीरे-धीरे ठीक हुई। उनके दाएं हाथ में दो उंगलियां हैं। यह शुरूआत में फिल्मों में सामने नहीं आया लेकिन फिल्म कोई मिल गया में इसे पर्दे पर दिखाया गया। वे अपनी अच्छी बॉडी की वजह से भी युवाओं में खासे चर्चित हैं और जिम में परफेक्ट बॉडी बनाने के लिए घंटो वर्कआऊट करते हैं।

# फतेह में बंदूक थामे दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिखे सोनू सूद, सिर्फ 99 रूपये में मिलेगी टिकट



**सोनू** सूद की फिल्म फतेह आज यानी 10 जनवरी को रिलीज हो रही है. फिल्म में सोनू के साथ जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आ रही हैं. इसके अलावा नसीरुद्दीन शाह, विजय राज और दिव्येंदु भट्टाचार्य भी फिल्म में अहम किरदार निभाते दिखे हैं. फतेह में सिर्फ सोनू सूद ने ना केवल लीड रोल प्ले किया है, बल्कि फिल्म का निर्देशन भी एक्टर ने ही किया है. साथ ही सोनू ने इसकी कहानी लिखी और इसके निमार्ता भी एक्टर ही है. फिल्म कई मायनों में उनके लिए खास है. आज फतेह के साथ राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

फिल्म फतेह को लेकर सामने आये रिव्यू: सोनू सूद की फिल्म फतेह एक एक्शन थ्रिलर है. ऑलवेज बॉलीवुड ने फतेह का रिव्यू करते हुए लिखा, हर तरफ हिंसा हिंसा हिंसा. फतेह में हिंसा और संवेदनशीलता का विचलित करने वाला चित्रण है. दर्शकों को विवेक का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है. फिल्म का रनटाइम 130:04 मिनट है. एक मीडिया यूजर ने एक्स पर लिखा, फिल्म में मार्को के सभी खूनी तत्व हैं लेकिन प्रेजेंटेशन टार्चर है।

फतेह ने ओपनिंग डे पर टिकट की कीमत घटाकर 99 रुपये कर दी: सोनू सूद ने फिल्म फतेह की टिकट सिर्फ 99-112 रुपये कर दिया है. ये ऑफर सिर्फ ओपनिंग डे के लिए ही वैध है. मेकर्स को उम्मीद है कि ऐसा करने से सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ेगी. अगर उनका ये आइडिया काम करता है तो फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई कर सकती है. एक्टर ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है, जिसमें वह 99 वाला ऑफर बताते दिख रहे हैं। वहीं, शुरूआती अनुमानों के अनुसार, फिल्म अपने पहले दिन लगभग 2 करोड़ रुपये कमाएगी। एक्टर फिल्म से होने वाली कमाई को दान कर देंगे।



# ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय

**सिडनी:** बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के दौरान टखने में लगी चोट के कारण ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने पर संशय है। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट (सीए) ने गुरुवार को कहा कि चोटिल कमिंस श्रीलंका के दो टेस्ट मैचों के दौरे पर नहीं जायेंगे। इस दौरान वह पितृत्व अवकाश पर रहेंगे और आने वाले दिनों में उनके टखने का स्कैन किया जाएगा। स्कैन के बाद पता चल पायेगा कि वह 16 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की अगुवाई करेंगे या नहीं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने आज यहां श्रीलंका दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पैट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं, वह पितृत्व अवकाश पर हैं। उनके टखने में हल्की चोट है।

अगले सप्ताह उनके टखने का स्कैन होगा इसके बाद ही उनकी चोट की स्थिति का पता चल सकेगा। उन्होंने कहा कि कमिंस चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पायेंगे या नहीं इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद ही फैसला किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी और ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 22 फरवरी को इंग्लैंड के साथ होगा।

# वनडे डेब्यू को तैयार वरुण चक्रवर्ती! चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले 5 विकेट चटकाकर मचाई तबाही

**नई दिल्ली:** अगले महीने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी खेली जानी है। इस टूर्नामेंट के लिए अभी तक बीसीसीआई ने टीम का ऐलान नहीं किया है। रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड 11 जनवरी को टीम इंडिया का ऐलान कर देगा। इससे पहले टीम को लेकर कई रिपोट्र्स सामने आ रही हैं। वहीं एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड के खिलाफ वनेड सीरीज औ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है।

2025 चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम इंडिया घर पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। ये कंफर्म है कि जो टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेलेगी, वही टीम 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भी होगी। अब कहा जा रहा है कि आईपीएल और टी20 इंटरनेशनल में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले वरुण चक्रवर्ती को अब वनडे में डेब्यू का मौका मिलेगा।

टीम चुने जाने से पहले वरुण चक्रवर्ती ने घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में काल का प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट के दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल में वरुण ने तमिलनाडु के लिए खेलते हुए राजस्थान के खिलाफ 9 ओवर में 52 रन देकर 5 विकेट झटके हैं। वरुण विजय हजारे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह 6 मैचों में 18 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया -प्रखंड के कोनबीर स्थित सामुदायिक भवन में बुधवार को भाजपा के डिजिटल सदस्यता अभियान को लेकर अभियान के संयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिनेश उराँव की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा के डिजिटल सदस्यता अभियान को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाना है। मौके पर दिनेश उराँव ने भाजपा की विचारधारा और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पार्टी केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत आधार है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की नीतियों और उपलब्धियों को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और इस अभियान को गति दें।बैठक में सदस्यता अभियान प्रभारी रामअवध साहू,मंडल अध्यक्ष नवीन सिंह,जिला मंत्री विजय सिंह पिंटू,अंकित चौधरी, जगदम्बा साहू,कृष्णा कुशवाहा,विनोद भगत आदि उपस्थित थे।

### मंत्री को घाघरा प्रखण्ड कार्यालय के मनरेगा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

गुमला। गुरुवार को झारखंड सरकार ग्रामीण विकास मंत्री दिपिका पांडे सिंह के कांग्रेस नेत्री के घर शोक सभा में आगमन पर प्रखंड कार्यालय के मनरेगा कर्मियों ने अपनी मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कर्मियों ने पिछले दिनों सरकार के साथ हुई समझौता,वेतन वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि को लागू कराने का आग्रह किया। मंत्री महोदया ने कहा कि आप सबों की मांगे हमारे संज्ञान में है, जल्द ही पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान गोपाल पांडे, निर्मल उरांव, संतोष मिंज,निरंजन टोप्पो,दिनेश उरांव, सहित सभी मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे।

### प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत के घर पहुंची मंत्री दीपिका



**गुमला:** झारखंड राज्य ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने घाघरा स्थित शोकाकुल प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत व परिवार से गुरुवार को मुलाकात कर ढांढस बंधा। बॉबी भगत को रोती देख मंत्री ने गले लगा लिया और ढांढस बंधा। बॉबी भगत के पुत्र गौतम भगत के आत्महत्या की जानकारी ली। इस दौरान बाबी भगत ने बताया कि उसका पुत्र काफी सरल स्वभाव का था किसी तरह के कोई भी वाद विवाद भी नहीं हुआ था अचानक ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मंत्री ने कहा की पूरी परिवार की जिम्मेदारी दोनों माता-पिता की है। निश्चित तौर पर नौजवान बेटा का चले जाना काफी दुखद है। पूरे क्षेत्र की जनता को आपसे काफी उम्मीदें है उस पार खरा उतरना है। किस्मत में लिखा है उसे कोई मिटा नहीं सका है। मौके पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, पूर्व रांची महापौर सह कांग्रेस नेत्री राम खलखो, शिवकुमार भगत टुनटुन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमृता भगत, प्रखंड प्रमुख सविता देवी, कांग्रेस जिला महासचिव कृष्ण कुमार लोहरा, प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे व जोगेंद्र भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डीआईजी अजय लिंडा के साथ काम कर चुके हैं प्रवीण कुमार



झारखंड के तेज दरार कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले डीआईजी अजय लिंडा के साथ कार्य कर चुके पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार बताते हैं कि उन्होंने पश्चिम सिंहभूम चाईबासा मेअपने पदस्थापना कल के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय लिंडा के साथ कार्य करने का गौरव उन्हें प्राप्त है तथा उनके पुलिस अधीक्षक रहते चक्रधरपुर केअ ति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुडासाई में आयोजित जनता दरबार में पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया था तथाग्रामीणों के साथ दोस्ताना संबंध स्थापित करने की जो कारगर पहल की गईथी उनसे उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला यही नहीं मानकी मुंडा को सम्मान मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करने के कार्य भी काफी बेहतर ढंग से चक्रधरपुर में संपादित हुए थे और उन्हें काफी कुछ सीखने और देखने को मिला उन्हें इस बात का गर्व है कि ऐसे पुलिस अधीक्षक के साथ उन्हें कार्य करने का अवसर प्राप्त रहा वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार धनबाद जिला में पदस्थापित हैऔर आज भी श्री कुमार उन्हें अपना प्रेरणा स्त्रोत मानते हैं तथा श्री कुमार जब पश्चिम सिंहभूम जिला में पदस्थापित है तब उस समय कोल्हान प्रमंडल के डीआईजी भी रहे और श्री लिंडा प्रवीण कुमार को कर्तव्य निस्ठऔर बेहतर पुलिस निरीक्षक के रूप में सम्मान दिया करते थे जो निश्चित तौर पर यह प्रवीण कुमार के लिए उपलब्धियां गौरव की बात रही।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

मांडर। पुलिस ने गुरुवार को नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में सागीर अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी सागीर अंसारी, उम्र 27 वर्ष, गुमला जिले के सिसई थाना अंतर्गत बगनी गांव का निवासी है। सागीर पर आरोप है कि उसने एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को अपनी बातों में फंसा कर उसे भगा लिया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सागीर अंसारी शादीशुदा है और पहले भी कई लड़कियों की जिंदगी बर्बाद करने के मामले में उसका नाम जुड़ चुका है।

# समाज में रोटरी का अहम योगदान : श्वेता सिंह

### रोटरी क्लब चास ने विधायक श्वेता सिंह का किया सम्मानित

### श्वेता सिंह बनी चास रोटरी क्लब की मानद सदस्य

मेट्रो रेज संवाददाता




**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में अपना 23वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलित कर-के समारोह की शुरूआत हुई।

रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहां कि सामाजिक एवं सेवा कार्यों से रोटरी क्लब चास ने बोकारो में एक अलग विशिष्ट पहचान बना ली है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने इस अवसर पर क्लब की सामुदायिक सेवा एवं मानवीय कार्यों में 23 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का संक्षिप्त में वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही रोटरी का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि श्वेता सिंह ने अपने संबोधन में कहा की सेवा क्षेत्र में रोटरी क्लब चास का समाज में प्रभावशाली योगदान रहा है। श्वेता सिंह ने आशा व्यक्त की कि चास उपनगर को संवारने में रोटरी क्लब चास अपना योगदान देगा। समारोह में श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया गया। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चास रोटरी सामाजिक सेवा के लिए तत्पर रहा है और आगे भी रहेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब चास के सभी पूर्व अध्यक्षों ने शॉल ओढ़ाकर श्वेता सिंह को सम्मानित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने लेपल पिन लगाकर श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया। इस अवसर पर सभी चार्टर सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुकेश अग्रवाल ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कुमार अमरदीप, मनोज चौधरी, सिद्धार्थ सिंह माना, हरबंस सिंह, चनप्रीत सिंह, रविंद्र मंड, सिद्धार्थ पारख तेजपाल सिंह, विजय अग्रवाल, प्रकाश केजरीवाल, राजकुमार पोद्दार, धनेश बंका, भवनीत सिंह, आनंद अग्रवाल, प्रेम कुमार, मनोज भालोटिया, राजकुमार जायसवाल, मनोज सिंह, बिनय सिंह, अमन मल्लिक, संजय रस्तोगी, मंजीत सिंह, राजेश केडिया सहित बोकारो और मिड टाउन कपल रोटरी क्लब के सदस्य के अलावा शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कदाचार मुक्त वातारण में दूसरे दिन संपन्न हुई प्रि-बोर्ड टेस्ट परीक्षा

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के पहल पर गुरूवार को जिले के विभिन्न विद्यालयों में मैट्रिक के छात्र झ छात्राओं का प्रि-बोर्ड टेस्ट का आयोजन किया गया। आज कदाचारमुक्त वातावरण में दूसरे दिन की परीक्षा संपन्न हुई। सभी प्रखंडों में संचालित परीक्षा का संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी ने जायजा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय की समेकित विषयों की परीक्षा ली गई है। आज कुल 11,106 छात्र - छात्राओं ने परीक्षा दी है। जिसका मूल्यांकन अंतर प्रखंड शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

जानकारी हो कि, उपायुक्त जिले के मैट्रिक झ इंटर परीक्षा में प्रदर्शन को लेकर काफी गंभीर है। प्रदर्शन को बेहतर करने एवं जिले की रैंकिंग में सुधार को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है।

### शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ आमलोगों को कर रहा जागरूक

**बोकारो :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ (एलइडी वान) के माध्यम से आमलोगों को जागरूक* किया जा रहा है। इसके तहत चास नगर निगम, सेक्टर 4, बोकारो मॉल, सेक्टर 9, बेरमो, जैनामोड़, नयामोड़ और बोकारो स्टील सिटी के अंतर्गत अन्य स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक किया गया तथा सभी लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित वीडियो प्रदर्शित कर लोगों को जानकारी दी गई। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने जानकारी दी कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जा रहा है। इसके माध्यम से जिले के प्रमुख चौक चौराहा सहित अन्य जगहों पर जाकर यातायात नियमों के पालन हेतु हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित वीडियो क्लिप लोगों को दिखाया जा रहा है।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क का परियोजना निदेशक आईटीडीए ने किया निरीक्षण

### व्यवस्थाओं को जल्द सुधारने के निर्देश

मेट्रो रेज संवाददाता



**गुमला :** गुमला आज जिला स्थित बिरसा मुंडा एग्रो पार्क का निरीक्षण परियोजना निदेशक आईटीडीए , रीना हांसदा द्वारा किया गया। यह निरीक्षण गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर किया गया, जिन्होंने हाल ही में पार्क का दौरा किया था और वहां की अव्यवस्थित स्थिति पर असंतोष व्यक्त किया था।

निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक ने पार्क के विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया और वहां चल रहे मरम्मती कार्यों की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा एग्रो पार्क गुमला जिले के विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र है और इसे जल्द से जल्द दुरुस्त करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

मरम्मती कार्य और निर्देश

परियोजना निदेशक ने जानकारी दी कि वर्तमान में पार्क में रंग-रोगन का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा, अन्य भौतिक व्यवस्थाओं को भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया है। उन्होंने पार्क को नागरिकों के लिए अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया।

उपायुक्त के निर्देश

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पूर्व में अपने दौरे के दौरान पार्क की खामियों को चिन्हित करते हुए इसे जिले के विकास और सौंदर्यीकरण का प्रतीक बनाने की आवश्यकता जताई थी। उन्हीं के निर्देश पर यह निरीक्षण और मरम्मती कार्य शुरू किए गए हैं।

### हजारी पंचायत में 70 स्ट्रीट सोलर लाइट लगाए जाएंगे: मुखिया तारामणि देवी



गोमिया : प्रखंड के हजारी पंचायत भवन में ओएनजीसी के सीएसआर मद से स्ट्रीट सोलर लाइट का उद्घाटन गुरुवार को मुखिया तारामणि देवी ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि ओएनजीसी के सीएसआर मद से हजारी पंचायत के हजारी बस्ती, खुदगड़ा, अंबा टोला, गंझूडीह, नया बस्ती आदि क्षेत्रों में 70 स्ट्रीट सोलर लाइट लगाए जाएंगे। जिससे पंचायत क्षेत्र के अधिकतर क्षेत्रों में ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति मिलेगी। कहा कि पंचायत के कुछ क्षेत्रों में लाइट नहीं रहने से काफी अंधेरा रहता था और आवागमन में ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब पंचायत के अधिकतर क्षेत्रों में ग्रामीणों को अंधेरे से निजात मिलेगी। उन्होंने इसी तरह ओएनजीसी प्रबंधक से इस तरह के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपेक्षा की।कहा कि यह सोलर लाइट आमजनों को समर्पित है और इसका संरक्षण और सुरक्षित रखना ग्रामीणों का कर्तव्य है। मौके पर सीएसइपीआर संस्था के फरहान आलम,विजयानंद प्रसाद, अनादि प्रसाद, वार्ड सदस्य शशिशंकर प्रसाद, सुजीत भोक्ता, हरेंद्र प्रसाद, सुजीत प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## डीएम साहब की मार्मिक बात है काफी खास

बिनय मिश्रा



भीषण और कड़ाके की ठंड के मद्दे नजर बिहार के डीएम साहब ने मार्मिक और गंभीर अपील की है उन्होंने अपने कथन से चंद शब्दों में ही बहुत कुछ कह डाला है आप भी देखिए, पढ़िए और जानिए।

बिहार में ठंड को लेकर प्रदेश के कई जिलों में स्कूल बंद है. स्कूलों में क्लास वन से आठवीं तक की छुट्टी घोषित की गई है. इस दौरान बच्चों को स्कूल नहीं आना है।

लेकिन इन स्कूलों के शिक्षकों को कड़ कड़ाती ठंड में प्रत्येक दिन स्कूल पहुंचना है सरकार के इस फैसला पर पूर्व शिक्षा निदेशक रह चुके नवादा डीएम ने शिक्षकों को लेकर अपना दर्द जाहिर किया है सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट बड़ी तेजी से शेयर किया जा रहा है डीएम साहेब के इस मजेदार पोस्ट पर कई प्रकार की टिप्पणी भी आ रहे हैं।

## आइए बढ़ाए एक कदम मदद की ओर

### भूख और भीषण ठंड से राहत की उम्मीद में ताकते रहते हैं यह पशु

निधि पाठक



भीषण ठंड और भूख इन्हें भी सताती है और यह इंतजार करते हैं कि कोई ना कोई अवश्य उनकी सुधि ले, या यूं कहें जिससे इन्हें उम्मीद होती है यह उनके आवास के दरवाजे पर यूं खड़े रहते हैं जैसे अब उनकी सुधि ली जाएगी और उन्हें भूख से निजात मिलेगी यह भले ही जुबान से कुछ नहीं कह पाते हैं लेकिन उनकी मनोदशा और उम्मीद उनके चेहरे पर साफ झलकती है हमारा यह दायित्व भी है कि हम ऐसे पशु की सुधि अवश्य लें जो अपने जान पर खेल कर हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, स्वयं मां और बच्चे ताकते रहते हैं कि उनकी भूख और पीड़ा को जानने वाले जरूर उन्हें भोजन की व्यवस्था करेंगे। हमें फक्र है कि हम इस जवाब देही का निर्वहन अवश्य करते हैं और लोगों से भी यह उम्मीद करते हैं कि ऐसे बेजुबान पशुओं की अवश्य सुधि ले जो हमेशा अपने कर्तव्य और दायित्व से एक से बढ़कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

मेट्रो रेज संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2025) के दिन आयोजित होने वाले मुख्य समारोह व पूर्व संध्या की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में शहीदों/महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण 8.00 बजे पूर्वाह्न से 8.45 बजे के बीच किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बी0 एस0 कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा में झंडोतोलन 9.15 बजे पूर्वाह्न किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय गान उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की छात्राओं द्वारा गाया जाएगा। समाहरणालय में झंडोत्तोलन 10.45 बजे पूर्वाह्न उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डीआरडीए पुराना कार्यालय परिसर, जिला परिषद, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में झंडोत्तोलन होगा। सेन्हा प्रखंड अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में झंडोत्तोलन उपायुक्त,लोहरदगा और केंद्रीय विद्यालय बरही में झंडोत्तोलन उप विकास आयुक्त, लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। अन्य सभी कार्यालयों में कार्यालय प्रधान अपनी सुविधानुसार झंडोतोलन करेंगे।

बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए परेड में जिला पुलिस बल (पुरुष एवं महिला बटालियन) की 1-1 टुकड़ी, सहायक पुलिस की 01 टुकड़ी, गृह रक्षा वाहिनी की 01 टुकड़ी, सीएम उत्कृष्ट नदिया हिन्दू +2 उच्च विद्यालय लोहरदगा के एनसीसी की 01 टुकड़ी, जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा के एनसीसी की 01 टुकड़ी, कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के एनसीसी की 01 टुकड़ी, लूथरन उच्च विद्यालय लोहरदगा के भारत स्काउट एवं गाईड की 01-01 टुकड़ी और उसुर्लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा के गाईड की 01 टुकड़ी भाग लेंगी।

मुख्य समारोह स्थल बीएस कॉलेज स्थित स्टेडियम लोहरदगा एवं अन्य प्रमुख स्थानों की सफाई एवं सजावट की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद लोहरदगा द्वारा की जाएगी। बीएस कॉलेज लोहरदगा में मुख्य समारोह के लिए मंच पर लाईट, विशेष माईक, सामियाना, सोफा, कुर्सी, विद्युत व्यवस्था, जेनरेटर, फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी आदि की समुचित व्यवस्था हिंडाल्को, लोहरदगा द्वारा की जाएगी। मुख्य समारोह में एंबुलेंस तथा चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति सिविल सर्जन के द्वारा की जाएगी। 26 जनवरी को 6:00 बजे पूर्वाह्न से 1:00 बजे अपराह्न तक भारी वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा। संपूर्ण कार्यक्रम के वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगे।



झांकी व सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्य समारोह में कुल आठ झांकियां निकाली जाएंगी जो समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता, कृषि, परिवहन, शिक्षा विभाग के अलावा स्काउट एवं गाईड और हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा निकाली जाएगी। झांकी से संबंधित अनुश्रवण का दायित्व नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा को दिया गया। सभी संबंधित विभागों को बेहतर कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाने का निदेश दिया गया।

राष्ट्रगान के रिहर्सल व छात्राओं से संबंधित सभी दायित्व जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा गया है। कार्यक्रम में बैंड की धुन का पूर्वाभ्यास कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा और जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना की टीम को संयुक्त रूप से एक ही धुन पर एक साथ अभ्यास किये जाने का निदेश दिया गया। समारोह में उद्घोषक के रूप में शिक्षक गणेश लाल होंगे।

समारोह में वर्ष 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिला के खिलाड़ियों और विभिन्न परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार हेतु स्क्रीनिंग का कार्य, उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी व जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा।

पूर्व संध्या कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में संध्या 6 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में बेहतर लाइटिंग व साउंड सिस्टम लगवाने का दायित्व कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद लोहरदगा को दिया गया। साथ ही नगर भवन के कमरों व शौचालय की साफ-सफाई का भी निर्देश दिया गया। पूर्व संध्या के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग उप विकास आयुक्त, लोहरदगा की अध्यक्षता वाली समिति करेगी।

इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/शिक्षक व अन्य उपस्थित थे।